दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। बुधवार 19 नवम्बर-2025 | ● वर्ष: 10 अंक: 331 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य: ₹3










# बिहार में शपथ ग्रहण की भव्य तैयारी

## खुद जायजा लेने गांधी मैदान पहुंचे नीतीश कुमार

### प्रधानमंत्री मोदी समेत देश के बड़े नेता होंगे शामिल



**पटनाः** बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को मिली प्रचंड जीत के बाद अब नई सरकार के गठन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। नीतीश कुमार खुद गांधी मैदान पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। एनडीए नेताओं ने फैसला लिया है कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 20 नवंबर को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस दिन नीतीश कुमार 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। इस कार्यक्रम को भव्य तरीके से आयोजित करने की योजना बनाई गई है। इसमें पीएम मोदी समेत देश भर की नामचीन हस्तियां शामिल होंगी।

बिहार की नई सरकार के 20 नवंबर को गांधी मैदान में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोरों पर है।

# भारत मंडपम में वाणिज्य मंत्रालय की स्थायी समिति की आईटीपीओ कार्यप्रणाली पर उच्चस्तरीय समीक्षा

## सांसद अतुल गर्ग बोले, मेला नए भारत की क्षमता और वैश्विक नेतृत्व का प्रतीक





**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** भारत मंडपम, प्रगति मैदान में आज वाणिज्य मंत्रालय की स्थायी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन की कार्यप्रणाली, उसकी योजनाओं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की व्यापारिक उपस्थिति को मजबूत करने की दिशा में हो रहे कार्यों पर विस्तृत चर्चा हुई। समिति के सदस्यों ने आईटीपीओ द्वारा व्यापार संवर्धन, प्रदर्शनी प्रबंधन और निवेश आकर्षण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की गहन समीक्षा की। बैठक में यह भी आकलन किया गया कि वैश्विक व्यापार परिवेश में भारत की भूमिका को और सशक्त बनाने के लिए आईटीपीओ किस प्रकार नई रणनीतियों, नवाचारों और तकनीकी सुधारों को लागू कर रहा है। समिति ने संगठन द्वारा किए गए कार्यों को रचनात्मक बताया और सुधारों के लिए सुझाव भी प्रस्तुत किए।

### अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का अवलोकन

करंट क्राइम। चर्चा के पश्चात समिति ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला का दौरा किया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने विभिन्न राज्यों, मंत्रालयों, सार्वजनिक उपक्रमों, स्टार्टअप्स, एमएसएमई इकाइयों और निजी उद्योगों द्वारा लगाए गए पवेलियन का अवलोकन किया। मेले में प्रदर्शित की गई नवीन तकनीक, आधुनिक उत्पादन मॉडल, उद्यमिता आधारित नवाचार और राज्य-विशेष की आर्थिक व सांस्कृतिक उपलब्धियाँ सदस्यों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। हर पवेलियन में 'नया भारत' की ऊर्जा, आत्मविश्वास और बढ़ती वैश्विक क्षमता की झलक स्पष्ट रूप से देखी गई।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिखती प्रगति

करंट क्राइम। पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में व्यापार, उद्योग, तकनीक, स्टार्टअप इकोसिस्टम और डिजिटल अवसंरचना के क्षेत्र में हुई तेज प्रगति की स्पष्ट तस्वीर मेले के लगभग हर पवेलियन में दिखाई दी। डिजिटलीकरण, नवाचार, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा पर केंद्रित प्रदर्शन ने समिति के सदस्यों को प्रभावित किया। मेले में उद्योग प्रतिनिधियों, राज्यों के अधिकारियों, स्टार्टअप युवा उद्यमियों और निवेशकों से सार्थक संवाद भी हुआ, जहाँ सभी ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर, वैश्विक विश्वास और नवाचार-प्रधान नीतियों की सराहना की।

### व्यापार मेला भारत की बढ़ती क्षमता का जीवंत प्रतीक : अतुल गर्ग

करंट क्राइम। मेले के निरीक्षण के बाद सांसद अतुल गर्ग ने कहा अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला आज भारत की बढ़ती क्षमता, आत्मविश्वास और वैश्विक नेतृत्व का जीवंत प्रतीक है। यह मेला नए भारत की धड़कन और उसकी प्रगतिशील सोच को साकार रूप में दुनिया के सामने प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा आयोजन देश के व्यापार परिदृश्य को नई गति देता है और उद्योग जगत को नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

# गाजियाबाद नगर निगम को जल संचय-जल भागीदारी में राष्ट्रीय सम्मान

### - नई दिल्ली में आयोजित हुआ कार्यक्रम

## गाजियाबाद का उत्तर प्रदेश में दूसरा और देश में पांचवां स्थान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम ने जल संचय एवं जल भागीदारी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए उत्तर प्रदेश में दूसरा और भारत में पांचवां स्थान हासिल किया है। यह सम्मान विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित भव्य कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में जल शक्ति मंत्रालय की ओर से केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल ने गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल एवं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शहर को इस उपलब्धि पर दो करोड़ रुपये का पुरस्कार भी प्रदान किया गया।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में सम्मानित किए गए मेयर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक



### महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने दी शुभकामनाएं

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि जल संचय-जल भागीदारी कार्यक्रम में गाजियाबाद के कार्यों की पूरे देश में प्रशंसा हो रही है, जिससे शहर की प्रतिष्ठा एक बार फिर ऊँची हुई है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों और शहरवासियों को शुभकामनाएं भी दीं हैं। वहीं नगर आयुक्त ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि आगे भी जल संरक्षण को लेकर निगम की कार्रवाई और तेज होगी। उन्होंने बताया कि दो करोड़ का पुरस्कार पूरी तरह जल संचयन से जुड़े कार्यों पर ही खर्च किया जाएगा।

### जल संचयन में 11,406 संरचनाएं, तालाबों का पुनर्जीवन हुआ

करंट क्राइम : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में नगर निगम ने जलकल विभाग के माध्यम से 11,406 रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर स्थापित किए हैं। इसके साथ ही निगम क्षेत्र के 140 तालाबों के जीर्णोद्धार पर भी तेजी से कार्य जारी है। पार्कों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को व्यवस्थित किया गया है साथ ही नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाए गए। इन्हीं प्रयासों के परिणामस्वरूप गाजियाबाद देशभर में जल संरक्षण मॉडल के रूप में उभरा है।

### इन अधिकारियों की भी रही मौजूदगी

करंट क्राइम : कार्यक्रम में महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद व अधिशासी अभियंता जल आस कुमार भी उपस्थित रहे। जलकल विभाग ने आगे तालाबों और रेन वाटर हार्वेस्टिंग को और मजबूत करने की नई कार्ययोजना भी बनाई गई है।



# रन फोर यूनिटी में राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह बढ़ा गये लोनी विधायक नन्दकिशोर गुर्जर का कद

## बताया बिहार चुनाव में उस सीट पर जिताया है चुनाव जहां पहले भाजपा को मिली थी हार




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी विधानसभा क्षेत्र में रन फोर यूनिटी में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह आये। अरुण सिंह लोनी में आयोजित रन फोर यूनिटी के ट्रैक पर लोनी के विधायक नन्द किशोर गुर्जर का कद बढ़ा गये। यहां उन्होंने लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर की पोलीटिक्ल एक्टिविटी की प्रशंसा करते हुए उसे बिहार चुनाव से कनैक्ट किया। अरुण सिंह जैसे वरिष्ठ नेता ने जब लोनी में रन फोर यूनिटी के मंच से विधायक नन्द किशोर गुर्जर की प्रशंसा की तो उन्होंने कहा कि वास्तव में लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने बिहार चुनाव में उस सीट पर अपनी ताकत दिखाई जिस सीट को भाजपा हार चुकी थी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बिहार की मोतीहारी और कल्याण सीट पर लोनी के विधायक नन्द किशोर गुर्जर की ड्यूटी लगाई। प्रदेश दूसरा, विधानसभा ऐसी जहां भाजपा को जीत हासिल नहीं हुई है और वहां पर उत्तर प्रदेश की लोनी विधानसभा के विधायक नन्द किशोर गुर्जर को भेजा गया। यहां संस्मरण साझा करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने कहा कि जब बिहार विधानसभा चुनाव के लिए टिकट बंट चुके थे तब मेरी और विधायक नन्द किशोर गुर्जर की चर्चा हुई और ये चर्चा हुई कि कठिन सीट पर जिम्मेदारी दी गई है। तब भाजपा को उम्मीद थी कि ये जब जायेंगे तो सीट जितायेंगे और वास्तव मेंऐसा ही हुआ और बिहार चुनाव में जिस सीट पर नन्द किशोर गुर्जर की डयूटी लगाई गई थी वो भाजपा की हारी हुई सीट थी और यहां नन्द किशोर गुर्जर की मेहनत रंग लाई और हारी हुई सीट को यहां भाजपा ने 15 हजार वोटों से जीता। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव के दौरान वहीं के एक नेता ने विधायक नन्द किशोर गुर्जर से ये कहा भी था कि ये बिहार है और ये मत सोचना कि यहां से तुम्हें जीत का सर्टिफिकेट मिलेगा जिसे यूपी में बताओगे। तब यह सुनकर विधायक नन्द किशोर गुर्जर मुस्कुराये थे और सिर्फ इतना कहा था कि आप चिंता मत करो हम मेहनत करेंगे और जीतेंगे। ये किसी का दृढं संकल्प होता है और विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने भाजपा को उस सीट पर जीत दिलाई जहां उनकी ड्यूटी लगाई गई थी। वास्तव में उन्हें सर्टिफिकेट मिल गया। राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने कहा कि बिहार में सर्टिफिकेट मिल गया है और यूपी में भी सर्टिफिकेट मिलेगा।

### लोनी की सियासत में विधायक नन्दकिशोर गुर्जर ने दिखाया है दम



करंट क्राइम। नन्द किशोर गुर्जर एक ऐसे विधायक हैं जिन्होंने लगातार दूसरी बार यहां से विधानसभा का चुनाव जीता है। वो अक्सर अपने बयानों को लेकर मीडिया की सुर्खियों में रहते हैं। लोकल पोलीटिक्स में उनके विरोधी भी हैं लेकिन यहां जिस तरह से उन्होंने रन फोर यूनिटी में भीड़ का मुलाहिजा पेश किया। उससे लग गया कि उनके समर्थक बड़ी संख्या में है। राष्ट्रीय महामंत्री आये और बिहार चुनाव का उदाहरण देकर वो विधायक नन्द किशोर गुर्जर की तारीफ करके गये। इसमें कोई दोराय नहीं है कि लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर एक दमदार जनप्रतिनिधि के रूप में उभरे हैं। वो अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोल देते हैं और वो कई मामलों पर आक्रामक बयान देते हैं। लेकिन इन सबके बावजूद ये उनका बढ़ता हुआ कद है कि पार्टी के राष्ट्रीय नेता बिहार जैसे चुनाव में प्रचार के लिए विधायक नन्द किशोर गुर्जर पर ध्यान देते हैं। उनकी छवि एक क्रान्तिकारी नेता के रूप में स्थापित हो चुकी है और अपनी विधानसभा में वो अपनी ताकत को एक तरह से स्थापित कर चुके हैं। तमाम विरोधों के बावजूद को लगातार दूसरी बार चुनाव जीत कर वो विधायक बने हैं।

### रन फोर यूनिटी के मंच से गया है गुर्जर सियासत का भी एक बड़ा संदेश

करंट क्राइम। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर बिहार में चुनाव प्रचार करने गये। खुद राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने चुनाव प्रचार में विधायक नन्द किशोर गुर्जर के व्यवहार का जिक्र करते हुए उनकी तारीफ की। उन्होंने बताया कि जिस सीट पर प्रचार के लिए विधायक नन्द किशोर गुर्जर को लगाया गया था। वहां पर बड़ी संख्या में मुसहर जाति के लोग रहते हैं। मगर यहां पर विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने इस तरह से खुद को उन लोगों के बीच स्थापित किया कि एक बार तो यही लगा कि गुर्जर और मुसहर एक होते हैं। ये हास्य की बात थी मगर कहने का अर्थ गंभीर था और वो ये था कि एक ऐसे विधायक के रूप में नन्द किशोर गुर्जर ने खुद को स्थापित किया है जो दूसरे प्रदेश की दूसरी कम्यूनिटी में जाकर अपने व्यवहार से उन्हें अपना बना सकते हैं। संदेश यही है कि अपनी विधानसभा में खुद को साबित कर चुके विधायक नन्द किशोर गुर्जर अब एक राष्ट्रीय नेता के रूप में उभर रहे हैं। वो अपनी पहचान शीर्ष नेतृत्व के दृष्टिकोण में राष्ट्रीय नेता के रूप में स्थापित कर चुके हैं। उनकी फेस वेल्यू ये है कि अब उन्हें दूसरे प्रदेश में भी चुनाव प्रचार के लिए बुलाया जा रहा है। हारी हुई सीट को जीत कर भाजपा के खाते में डाला है और यही एक वजह है कि अब भाजपा की सियासत में उनका बोलबाला है।



# आज होगी एनडीए विधायक दल की बैठक, 20 नवंबर को शपथ

## विधानसभा अध्यक्ष, डिप्टी सीएम पद पर भी होगी बात

**पटना।** 19 नवंबर को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के विधायक दल की बैठक होगी। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी के विधायकों की बैठक होगी। भाजपा के सभी विधायक अपना नेता चुनेंगे। इसके बाद एनडीए की विधायक दल की बैठक होगी। इसमें नीतीश कुमार को विधायक दल का नेता चुना जाएगा। 20 नवंबर को शपथ ग्रहण समारोह होगा। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता, मंत्री, और मुख्यमंत्री शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारी चल रही है। जानते है, इस मामले पर किसने क्या कहा?



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा विधानमंडल दल की बैठक होगी और उसके बाद एनडीए की विधानमंडल दल की बैठक बुलाई जाएगी। शपथ ग्रहण समारोह 20 नवंबर को गांधी मैदान में आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा के शीर्ष नेता, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। हम ह्यविकसित बिहारह्ल के सपने को पूरा करने की शपथ लेंगे।

जनता दल यूनाईटेड के वरिष्ठ नेता विजय चौधरी ने कहा कि शपथ ग्रहण को लेकर हम सभी लोग तैयार है। शपथ ग्रहण में प्रधानमंत्री और गृह मंत्री आ रहे हैं, उस हिसाब से तैयारियां चल रही है। संजय झा और ललन सिंह के दिल्ली जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह सब तो स्वभाविक है। चुनाव के बाद गठबंधन के घटक दल आपस में बातचीत चल रही है। विधानसभा अध्यक्ष जदयू या भाजपा का होगा? इस पर विमर्श चल रहा है। वहीं जदयू के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने कहा कि विकास एक बड़ा मुद्दा है, और इसी वजह से हमें इतना बड़ा जनादेश मिला है। यह बहुत अच्छी बात है कि पार्टियां जातीय सीमाओं से ऊपर उठकर चुनाव में विकास को मुख्य मुद्दा बनाएं।

ठएनडीए गठबंधन के अंदर सभी दल छह सीटों पर एक मंत्री वाले फॉमूले पर चलेंगे, यह तय है। इस बीच भाजपा और जदयू दोनों इस बार विधानसभा अध्यक्ष का पद अपने पास रखना चाह रही है। अब तक यह पद भाजापा के पास ही है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता नंद किशोर यादव निवर्तमान विधानसभा अध्यक्ष हैं। इस बार भी भाजपा अपने पास ही यह पद रखना चाहती है लेकिन, जदयू की इच्छा है कि विधानसभा अध्यक्ष का पद इस बार उन्हें मिले। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि 19 सीटें लाने वाली चिराग पासवान की पार्टी भी डिप्टी सीएम के एक पद पर अपना दावा ठोक रही है।

# बिहार चुनाव परिणाम के खिलाफ कोर्ट जाएगा राजद! तेजस्वी यादव विधायक दल के नेता चुने गए

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त मिलने के बाद आज पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेताओं के साथ समीक्षा बैठक की। पटना के एक पोलो रोड स्थित तेजस्वी आवास पर या बैठक हुई है। करीब चार घंटे तक बैठक चली। राजद नेताओं के साथ तेजस्वी ने बिहार विधानसभा चुनाव में हार की समीक्षा की। इसके बाद तेजस्वी को विधायक दल का नेता चुन गया।



राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने कहा कि तेजस्वी को विधानमंडल दल का नेता चुना गया है। वह विधानसभा में पार्टी के नेता होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि इस चुनाव में इन मशीनों (एश्ट) का दुरुपयोग किया गया। जनता के साथ गलत किया गया। बैठक में विधायक आलोक मेहता ने कहा कि चुनाव में गड़बड़ी हुई है। इसीलिए ऐसा चौंकाने वाला परिणाम आया है। राजद के महज 25 प्रत्याशी ही विधानसभा चुनाव जीत पाए।

**चुनाव परिणाम को लेकर कोर्ट जाने की चर्चा :** मामले में राजद नेता रामानुज यादव ने बताया कि बैठक के हर एक नेता से बातचीत की गई। रिपोर्ट कार्ड देखा गया। इसके साथ ही चुनाव के परिणाम को लेकर कोर्ट जाने पर भी चर्चा हुई। इसे लेकर महागठबंधन के नेताओं की भी राय ली जाएगी। इधर, लालू परिवार जारी घमासान के बीच इस बैठक में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, सांसद मीसा भारती भी शामिल हुईं। उनके अलावा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह बाहुबली सूरजभान सिंह, विधायक भाई वीरेंद्र समेत कई वरिष्ठ नेता पहुंचे।

**तेजस्वी विधायक दल का नेता चुने गए :** बताया जा रहा है कि तेजस्वी यादव ने चुनाव में जीते और हारे हुए विधायकों को बुलाया था। सभी राजद नेता अपना अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर आए थे। बैठक में तेजस्वी चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों से फीडबैक लिया गया। इसके बाद राजद विधायकों ने सर्वसम्मति से तेजस्वी यादव को विधायक दल का नेता चुन लिया गया। राजद सूत्रों का कहना है कि इस बैठक का मकसद यह पता करना था कि आखिर चूक कहां रह गई?

जिन सीटों पर बेहद ही कम अंतर से हार मिली है उन सीटों की भी समीक्षा की जा रही। साथ ही सीमांचल में राष्ट्रीय जनता दल की जड़ें कमजोर होने की वजह भी खोजी जा रही है।

# पुलिस से जुड़े मामलों में करें सख्त कार्रवाई : सीएम योगी

## सीएम ने की गोसेवा, मोर को भी दुलारा

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि पुलिस से जुड़े मामलों में सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। पीड़ितों की मदद में विलंब और लापरवाही कतई नहीं होनी चाहिए। जनता की समस्याओं के समाधान में किसी तरह की लापरवाही हुई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी तय है।





किसी पीड़ित की समस्या के समाधान में अगर कहीं भी कोई दिक्कत आ रही है तो उसका पता लगाकर निराकरण कराया जाए और किसी स्तर पर जानबूझकर कर प्रकरण को लंबित रखा गया है तो संबंधित की जवाबदेही तय की जाए।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सीएम योगी ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है।

हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण कराएंगे। इसे लेकर उन्होंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को मौके पर ही दो टूक समझाया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें।

कुछ प्रकरणों पर उन्होंने अफसरों को निर्देशित किया कि यह भी पता लगाएं कि यदि किसी को प्रशासन का सहयोग नहीं मिला है तो ऐसा क्यों और किन कारणों से हुआ।

# योगी ने गोरखपुर में विधि विज्ञान प्रयोगशाला का किया उद्घाटन

## 72.78 करोड़ की लागत से हुई तैयार

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोरखपुर में 72.78 करोड़ रुपये की लागत से बने क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। कहा, देश में तीन नए कानून लागू किए गए थे। मुख्य रुप से पीएम मोदी के नेतृत्व में तीन नए कानून लागू किए गए थे, जिनकी अवधारणा प्रत्येक पीड़ित व्यक्ति को समय से न्याय देने की रही है।



यानि ब्रिटिश कालखंड की जो अवधारण थी, दंड पर आधारित इससे अलग हटकर हर व्यक्ति को न्याय मिले और समय से न्याय मिले, इसी वजह से भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को पिछले वर्ष जुलाई में लागू किय गया था।

लागू होने के बाद ये अनिवार्य हो गया कि उन सभी अपराधों में फोरेंसिक साक्ष्य जुटाएं जाएंगे जिसमें सात वर्ष से ऊपर की सजा है। इसकी तैयारी हमने प्रदेश में पहले से ही कर ली थी। अक्सर अपराधी अपराध करता था और अपराध के बाद साक्ष्य के आभाव में अपराधी को सजा नहीं मिल पाती थी। क्योंकि लैब्स के आभाव के अपराधी बच जाते थे।

2017 में सूबे में सिर्फ 4 लैब थे। हमने उसी समय निर्देश जारी किया और कमिश्नरी स्तर पर एक एक लैब तैयार कराया जाए, इसका प्रयास शुरू किया। पिछले 8 वर्ष में 4 लैब से बढ़कर 12 लैब हो गए हैं। सूबे के 18 कमिश्नरी में लैब बनाए होंगे। 6 कमिश्नरी में लैब का काम संचालित है। यहां हर प्रकार को फोरेसिंग साइंस से अपराध के खिलाफ समय से ठोस साक्ष्य के साथ पीड़ित तो न्याय दिलवाने का काम किया जाएगा। हर जिले में मोबाइल फॉरेंसिंक वैन भी जुटाए गए हैं। अब अपराध करने पर पीड़ित को भटकने की जरूरत नहीं।

अपराधी मौज मस्ती साक्ष्य नहीं होने से बच निकलता है, अब बचेगा नहीं।

# यूपी की लुटेरी दुल्हन, शादी और ठगी

## एक महिला और चार शादी... दो दरोगा और दो बैंक मैनेजेरों संग लिए फेरे

**यूपी पुलिस के दरोगा को झांसा देकर चौथी शादी रचाने वाली लुटेरी दुल्हन को कानपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कानपुर के ग्वालटोली थाने में तैनात दरोगा ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोपी लुटेरी दुल्हन दिव्यांशी के पास कई करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है।**



## पुलिस ने दिया लुटेरी दुल्हन नाम

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश से लुटेरी दुल्हन की हैरान करने वाली कहानी सामने आई है। कानपुर जिले के ग्वालटोली थाना पुलिस ने शादी के नाम पर ठगी करने की आरोपी मेरठ की बड़ा मवाना निवासी दिव्यांशी को सोमवार की दोपहर गिरफ्तार कर लिया है।

उसके बैंक खातों में करोड़ों रुपये होने का अनुमान है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में आरोपी महिला ने दो बैंक अधिकारियों समेत 10 से अधिक लोगों को जाल फंसाकर रकम वसूली है। आरोपी के खिलाफ थाने में तैनात रहे दरोगा आदित्य कुमार लोचव ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस मंगलवार को आरोपी महिला को कोर्ट में पेश कर सकती है। बुलंदशहर के बीबीनगर में रहने वाले आदित्य कुमार ने 17 फरवरी 2024 को मेरठ के बड़ा मवाना निवासी दिव्यांशी चौधरी से धूमधाम से विवाह किया था।

आदित्य का आरोप था कि शादी के बाद से दिव्यांशी ससुराल में नहीं रुकती थी। वह मायके में रहकर बीएड और सीटेट की तैयारी की बात कहती थी। उनसे ऑनलाइन रुपये मंगवाया करती थी लेकिन ससुराल आने पर अपने सारे यूपीआई एप डिलीट कर देती थी।

दरोगा के मुताबिक, शादी के चार महीने बाद वह घर गए थे। दिव्यांशी भी मौजूद थी। उन्होंने उसके हाथ से मोबाइल ले लिया। इस पर वह सकपका गई। उसके मोबाइल पर यूपीआई के सारे एप डिलीट थे। इसके बाद धीरे-धीरे राज खुलता चला गया।

ग्वालटोली इंस्पेक्टर संतोष गौड़ ने बताया कि शुरूआत में आरोपी के खिलाफ कोई ठोस सुबूत नहीं मिले थे लेकिन फिर साक्ष्य मिलने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के पास जो साक्ष्य हैं उसके मुताबिक आरोपी महिला ने दो बैंक मैनेजर, दो पुलिस कर्मियों से शादी कर चुकी है।

सभी पर आरोप लगाकर उनसे मोटी रकम वसूली है। डीसीपी सेंट्रल श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसको मंगलवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी के तरीके के आधार पर उसको लुटेरी दुल्हन की संज्ञा दी गई। वह पहले रीति रिवाज से शादी करती है और आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज करा देती थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद उससे वसूली करती थी।

**पिछले साल 25 नवंबर को हुआ था हाईवोल्टेज ड्रामा :** पिछले साल 25 नवंबर को कमिश्नरी कार्यालय में दिव्यांशी ने हाईवोल्टेज ड्रामा कर पति आदित्य पर परेशान करने और 14.50 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया था। उसने कहा था कि पति के कई महिलाओं से संबंध हैं। वह सोशल मीडिया पर दोस्ती कर युवतियों को अपने जाल में फंसाता है फिर उसकी वीडियो और फोटो के दम पर ब्लैकमेल करता है। तत्कालीन पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने एडीसीपी महिला अपराध से मामले की जांच कराई थी।

# दिल्ली सरकार वायु प्रदूषण नियंत्रण पर एमसीडी से नाराज

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने मंत्रियों को मैदान में उतारा

**नई दिल्ली।** बढ़ते वायु प्रदूषण और बिगड़ती सफाई व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एमसीडी से नाराज हैं। दोनों महत्वपूर्ण मोर्चों की कमान दिल्ली सरकार ने अपने हाथों में ले ली है। 11 नवंबर को समीक्षा बैठक के बाद सरकार इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि एमसीडी इन मोर्चों पर अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों के साथ मिलकर खुद ग्राउंड स्तर पर सफाई और प्रदूषण नियंत्रण की निगरानी करने का फैसला किया है। सीएम ने हाल में आयोजित उच्च-स्तरीय बैठक में एमसीडी के कामकाज पर तीखी नाराजगी जताई थी। बैठक में यह तथ्य सामने आया था कि धूल-नियंत्रण मशीनें पूरी क्षमता से नहीं चल रहीं, कई वार्डों में कूड़ा उठाने में देरी हो रही है और सड़क धुलाई का सिस्टम लगभग ठप पड़ा है।



मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा था कि दिल्ली प्रदूषण के गंभीर दौर में है। ऐसे में किसी भी विभाग की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जा सकती लेकिन सिर्फ नाराजगी जताना ही पर्याप्त नहीं था। बैठक के चार दिन बाद भी जब कई इलाकों से सुधार की रिपोर्ट संतोषजनक नहीं मिली, तो मुख्यमंत्री ने सीधे हस्तक्षेप का निर्णय लिया। सूत्रों के मुताबिक, सरकार की ओर से यह संदेश साफ कर दिया गया है कि अब प्रदूषण नियंत्रण और सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी केवल एमसीडी की नहीं, बल्कि सीधे दिल्ली सरकार की निगरानी में होगी। सरकार ने तय किया है कि सोमवार को सभी छह मंत्री विभिन्न क्षेत्रों में सफाई और प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था की प्रत्यक्ष समीक्षा करने पहुंचे।

**एमसीडी को चेतावनी :** दिल्ली सरकार में बैठक के बाद एमसीडी आयुक्त ने भले ही जोनल उपायुक्तों के साथ आपात बैठक कर निर्देश जारी कर दिए हों लेकिन सरकार उस पर भरोसा करने को तैयार नहीं दिख रही। एमसीडी को साफ संदेश दिया गया है।

# साहिबाबाद में बड़ा हादसा, वेयरहाउस की दीवार गिरने से दो महिलाओं की मौत, दो गंभीर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** साहिबाबाद थानाक्षेत्र में मंगलवार दोपहर दर्दनाक हादसा हो गया। गोपीनाथ कंपाउंड स्थित रिद्धि एंटरप्राइजेज वेयरहाउस की दीवार अचानक ध्वस्त हो गई, जिसकी चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि दो अन्य महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को प्रारंभिक उपचार के बाद दिल्ली के जीटीबी अस्पताल रेफर किया गया है। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में शिकायत दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि दीवार जर्जर थी या निर्माण कार्य में कोई अनियमितता बरती गई थी।

## खाना खाते समय गिर गई दीवार




**करंट क्राइम :** मंगलवार दोपहर लगभग 1:57 बजे हादसा उस समय हुआ, जब चार महिलाएं वेयरहाउस के साथ लगे खाली प्लॉट में काम खत्म कर दोपहर का खाना खा रही थीं। प्लॉट में पुरानी ईंटों व मिट्टी की सफाई का कार्य चल रहा था। मृतक महिलाओं की पहचान 50 वर्षीय जमीला पत्नी रहीसुद्दीन और 45 वर्षीय इशरत पत्नी निजाम के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल सज्जो (48) पत्नी शफीक और सलमा (45) को मजदूरों की मदद से बाहर निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया।

## लापरवाही के आरोप, परिजनों ने की कार्रवाई की मांग

**करंट क्राइम :** हादसे के बाद मृतकों के परिजन मौके पर पहुंचे और वेयरहाउस संचालक तथा श्रमिकों पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए। परिजनों ने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# 'चुप्पी तोड़, हल्ला बोल' कार्यक्रम का आयोजन

## बाल मित्र केंद्र कोतवाली साहिबाबाद में पॉक्सो पीडित बच्चों के लिए एक प्रयास





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाधान अभियान और इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड के संयुक्त प्रयास से संचालित 'चुप्पी तोड़, हल्ला बोल' परियोजना के अंतर्गत, विश्व स्तर पर प्रतिवर्ष 18 नवंबर को मनाए जाने वाले 'बाल यौन शोषण, दुर्व्यवहार एवं हिंसा की रोकथाम और उपचार दिवस' पर बाल मित्र केंद्र, कोतवाली साहिबाबाद में पॉक्सो पीड़ित बच्चों के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पीड़ित बच्चों और उनके परिवारों में विश्वास कायम करना था कि वे समाज का अभिन्न और सम्मानित हिस्सा हैं। इस पहल का प्रमुख लक्ष्य बच्चों को सुरक्षित वातावरण में जोड़कर जागरूकता, मनो-सामाजिक सहयोग और उनके अधिकारों से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम का संचालन समाधान अभियान की प्रबंधक दीपा रानी, डॉ. उत्कर्ष अग्निहोत्री और दिव्यांशु जायसवाल ने किया। इन्होंने बच्चों और अभिभावकों को पॉक्सो एक्ट 2012, रिपोर्टिंग प्रक्रिया, बाल संरक्षण तंत्र और उपलब्ध सहायता सेवाओं के बारे में सरल और प्रभावी रूप से जानकारी दी।

साहिबाबाद थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह और मिशन शक्ति केन्द्र की टीम ने कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया और समुदाय के लोगों को संदेश दिया कि सुरक्षित और संवेदनशील समाज का निर्माण सामूहिक जिम्मेदारी है।

अंत में उपस्थित गणमान्यों ने बच्चों को शिक्षण सामग्री और ऊनी वस्त्र वितरित किए। कार्यक्रम की सभी ने सराहना की और इसे पीड़ित बच्चों की सुरक्षा, सहयोग और न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया।

# मेरठ में सांस लेना दूभर एक्यूआई पहुंचा 404

**मेरठ।** शहर में प्रदूषण को रोकने के लिए किया जा रहे दावे फेल साबित होते दिखाई दे रहे हैं। पिछले 20 दिन से प्रदूषण में गिरावट न आने के चलते लगातार हालात बिगड़ते जा रहे हैं। मंगलवार सुबह सबसे ज्यादा प्रदूषित पल्लवपुरम क्षेत्र रहा, जहां एयर क्वालिटी इंडेक्स 404 दर्ज किया गया। जो कि बहुत खतरनाक श्रेणी में आता है। एनसीआर में अन्य दिनों की अपेक्षा मंगलवार की शुरूआत खराब रही। सुबह से ही एयर क्वालिटी इंडेक्स बढ़ता हुआ चला गया। एक के बाद एक शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स लाल श्रेणी में दर्ज होने के चलते आसपास के इलाकों में भी परेशानी देखनी पड़ी।

मेरठ का एयर क्वालिटी इंडेक्स सुबह 400 के पार पहुंच गया। हवा इस समय बहुत खराब श्रेणी में चल रही है। फिलहाल कोई राहत नहीं दिख रही है। हवा की रफ्तार धीमी होने के चलते प्रदूषण का असर और भी ज्यादा तेज हो गया। वहीं रात के तापमान में गिरावट बढ़ने से ठंड का असर तेज हो रहा है।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...



करंट क्राइम ट्वीट का करंट




# 28 नवंबर को हो सकती है नगर निगम की बोर्ड बैठक

# निगम की बैठक में गूंजेगा विकास फंड का मुद्दा

## कार्यकारिणी उपाध्यक्ष चुने जाने के बाद होनी है ये बैठक | बजट के प्रस्तावों पर लगेगी इस बोर्ड में सहमति की मुहर




**- पार्षदों के एक दल ने कर ली है लैटर देने की तैयारी और भाजपा पार्षदों की ओर से उठेगा फंड न होने का मामला**

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** कार्यकारिणी उपाध्यक्ष चुनाव हो चुका है और अब निगम की बोर्ड बैठक होनी है। निगम सूत्र बताते हैं कि 28 नवंबर को निगम बोर्ड बैठक बुलाई जा सकती है। वहीं दूसरी तरफ पार्षदों का एक खेमा अब बोर्ड बैठक को लेकर अपनी रणनीति तैयार कर रहा है। वार्डो के ये जनप्रतिनिधि बोर्ड बैठक में निधि का हिसाब मांगेंगे।

बताया ये जाता है कि जून वाली बोर्ड बैठक के बाद से पार्षद एक्ट के हिसाब से लामबंद हैं। बोर्ड बैठक बुलाने का एक नियम है और पार्षद बता रहे हैं कि उनके पास साथी पार्षदों के पर्याप्त मात्रा में लैटर भी हैं और बोर्ड बैठक बुलाये जाने का मैटर भी है। वो बताते हैं कि निगम एक्ट की धारा 1/6 के अनुसार पार्षद अगर लिख कर दें दें तो उस दिन से 15 दिन के भीतर निगम की बोर्ड बैठक बुलानी ही होती है। यहां 30 जून की उस बोर्ड बैठक का हवाला दिया जा रहा है जिसमें हाउस टैक्स वृद्धि वाला प्रस्ताव निरस्त हुआ था और उसकी मिनट्स बुक आज भी लापता है। हालांकि मिनट्स बुक के कुछ अवशेष प्राप्त हुए थे लेकिन पूरी मिनट्स बुक आज भी नहीं मिली।

निगम सूत्र 30 जून वाली बैठक को लेकर बता रहे थे तब 80 पार्षदों ने लैटर लिखे थे उसके बाद ये बैठक हुई थी। वो नियम का हवाला दे रहे हैं और बता रहे हैं कि कार्यकारिणी वाली बैठक से पहले ही 23पार्षद पत्र लिखकर तैयार हैं। 17पार्षद पत्र लिखने के लिए तैयार हैं। हालांकि उनका ये मानना है कि अगर राजी से बोर्ड बैठक बुलाई जा रही है तो फिर वो बागी तेवर नहीं दिखायेंगे। लेकिन अगर बोर्ड बैठक में देरी हुई तो फिर लैटर वाला मैटर बाहर आ जायेगा।

नियम भी यही है कि कार्यकारिणी की बैठक के बाद जो प्रस्ताव कार्यकारिणी में पास हुए हैं वो बोर्ड बैठक में पास होने हैं। सूत्र बताते हैं कि बोर्ड बैठक में बजट से जुड़े प्रस्तावों को लाया जायेगा। इन पर सहमति की मुहर लगेगी। वैसे भी जब तक प्रस्तावों पर सहमति नहीं होगी, ये प्रस्ताव बोर्ड बैठक में पास नहीं होंगे। तब तक कार्यकारिणी में पास हुए इन प्रस्तावों को नहीं माना जायेगा।

संभावना इस बात की प्रबल है कि 28 नवंबर को नगर निगम की बोर्ड बैठक बुलाई जा सकती है। पार्षद इसकी तैयारी कर रहे हैं और वो बोर्ड बैठक से पहले खुद को पूरी तरह अपडेट रखना चाहते हैं। वो इस बात के लिए भी तैयार हैं कि सूचना 4 दिन पहले मिलने के बजाय 2 दिन पहले भी मिलेगी तो हम उस एजेंडे को पढ़कर खुद की तैयारी करेंगे। 4 दिन का मतलब ये होता है कि बोर्ड बैठक का एजेंडा पार्षदों के पास 72 घंटे पहले पहुंचता है। 28 नवंबर को होने वाली संभावित बोर्ड बैठक में इस बार बजट से जुड़े कई मुद्दे प्रमुख रहेंगे। यहां पार्षदों की निधि से होने वाले फंड का मामला आयेगा। कई पार्षद ये भी आवाज उठा सकते हैं कि उनके वार्ड में लगातार कहने के बाद भी विकास कार्य नहीं कराये गये हैं। जबकि विपक्षी दलों के पार्षदों के वार्ड में काम हुआ है। नगर निगम की बोर्ड बैठक में इस बार 10 लाख से नीचे के विकास कार्यों के खर्च और उनकी वैद्यता पर भी सवाल उठ सकता है। माना यही जा रहा है कि इस बार भी विरोध का मोर्चा भाजपा पार्षदो की ओर से उठेगा और विपक्षी दल के पार्षद केवल सहयोगी की भूमिका में रहेंगे।

बहरहाल इन सबके बीच खबर ये है कि 28नवंबर को नगर निगम की बोर्ड बैठक होगी और बोर्ड बैठक में कई मुद्दों को लेकर रोचक जंग देखनें को मिल सकती है।

### हाउस टैक्स मामले में हाईकोर्ट में आज सुनवाई

**करंट क्राइम।** हाउस टैक्स वृद्धि को लेकर जहां भाजपा पार्षदों ने सदन में मोर्चा खोला वहीं भाजपा के ही पूर्व सीनियर पार्षदों ने हाईकोर्ट में रिट दाखिल कर दी। भाजपा के पूर्व सीनियर पार्षद तथा नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष अनिल स्वामी, पूर्व सीनियर पार्षद तथा पूर्व जीडीए बोर्ड सदस्य राजेन्द्र त्यागी, पूर्व पार्षद तथा पूर्व जीडीए बोर्ड सदस्य हिमांशु मित्तल ने हाउस टैक्स की दरों में हुई वृद्धि का विरोध करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। नगर निगम ने इस मामले में कोर्ट में अपना जवाब दाखिल किया। इस केस में अदालत सुनवाई कर रही है और उसने इस मामले में पहले सुनवाई करते हुए 19 नवंबर की तारीख दी थी। हाईकोर्ट में आज यानी 19 नवंबर को इस मामले मेंसुनवाई होगी। नगर निगम ने भी यहां अपना हल्फनामा पहले ही दाखिल कर दिया है। माना यही जा रहा है कि अब शपथ पत्र दाखिल होने के बाद और शपथ पत्र का जवाब दाखिल होने के बाद इस मामले में बहस होनी है। आज हाईकोर्ट में इस मुद्दे पर सुनवाई होगी और यही देखना है कि क्या अदालत कोई फैसला देगी या आगे की तारीख मिलेगी। हालांकि इस पूरे केस को देखते हुए इस तरीके के मामलों के कानूनी जानकार ये बता रहे हैं कि अभी जिस तरह से सुनवाई चल रही है उससे ये माना जा सकता है कि अभी अदालत इस मामले में तीन से चार तारीख और लगायेगी और उसके बाद फिर इस मामले में अदालत सुनवाई करेगी।

# समाजवादी पार्टी की रडार पर 40 बीएलओ

## असहयोग करने वालों पर दर्ज कराई गई हैं शिकायतें



**- सपा का चुनावी प्लान, हर बूथ पर नजर रखेगा पीडीए प्रहरी**



**- प्रदेश स्तर के नेता भी करेंगे विधानसभावार काम**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बिहार चुनाव का परिणाम आ चुका है और अब चुनाव परिणाम आने के बाद विपक्षी दलों ने उत्तर प्रदेश में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति और तैयारी तेज कर दी है। इसी क्रम में जानकारी मिली है कि समाजवादी पार्टी गाजियाबाद के नेताओं की रडार पर गाजियाबाद के लगभग 40 बीएलओ आ गए हैं। कहा जा रहा है कि जिन लोगों ने काम में असहयोग किया और इसके बाद समाजवादी पार्टी के नेताओं ने संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत करते हुए इन पर एक्शन के लिए शिकायत पत्र लिखा है।

उधर समाजवादी पार्टी के सूत्र बता रहे हैं कि एसआईआर को लेकर समाजवादी पार्टी पूरी तरीके से मैदान पर आ गई है। तो वहीं समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन ने कहा है कि प्रत्येक बूथ पर एक पीडीए प्रहरी तैनात किया जाएगा, जो गड़बड़ी पर नजर रखने का काम करेगा।

### 3000 बूथों पर है समाजवादियों की गहरी नजर

करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन ने जानकारी दी है कि गाजियाबाद की पांच विधानसभाओं में लगभग 3000 बूथ हैं। जिसके तहत प्रत्येक बूथ पर पार्टी का कार्यकर्ता, नेता, पदाधिकारी और प्रदेश स्तर के नेता निगरानी रखने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का मकसद है कि ना तो किसी का गलत वोट बने और ना ही किसी का गलत वोट काटा जाए। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा है कि जो बीएलओ सहयोग नहीं कर रहे हैं, उनकी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों और विधानसभा के अधिकारियों को सूचना दी जा रही है ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी न होने पाए। उधर समाजवादी पार्टी के सूत्र बता रहे हैं कि दरअसल बिहार चुनाव में विपक्ष की हार के बाद यह नया प्लान तैयार किया गया है ताकि उत्तर प्रदेश में डैमेज कंट्रोल किया जा सके और चुनाव के परिणाम अलग आएं।

### प्रदेश स्तर के नेता और पदाधिकारी भी करेंगे काम

करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के सूत्र बता रहे हैं कि पीडीए प्रहरी के साथ ही पार्टी के प्रदेश स्तर के नेता, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को प्रमुख रूप से अलग-अलग बूथ और विधानसभावार इस बात पर नजर रखने का काम करेंगे कि कहीं पर भी समाजवादी पार्टी और उनसे जुड़े लोगों के वोट ना काटे जा सकें। उधर समाजवादी पार्टी के नेता बता रहे हैं कि एसआईआर का मकसद यह है कि फार्म सही जगह पहुंचे, सही जगह से भरकर आए और वोट हटाने का काम न होने पाए। उधर समाजवादी पार्टी के सूत्र बता रहे हैं कि एसआईआर का काम 31 दिसंबर तक चलना है। अभी यह फॉर्म देने का प्रथम चरण है, फिर इसके बाद फॉर्म भरकर इन्हें जमा कराया जाएगा और फिर इनका माइक्रो निरीक्षण होगा।

## दलित वोट बैंक जायेगा यूपी विधानसभा के रण में किस ओर

# दस वर्षों में दलित सियासत का नहीं आया है कोई दमदार युवा फेस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यूपी की सियासत में एक दौर था जब नीले हाथी वाले लीडरों की अलग ही टौर थी। वो कैडर की बातें करते थे, वो डीएम की बातें करते थे मगर अचानक उनके कदमों से जमीन खिसक गयी और भगवा तूफान आ गया। हाथी को लगा कि पांच साल की बात है फिर सबकुछ नॉर्मल हो जायेगा। लेकिन इन पांच सालों में गंगा में बहुत पानी बहा और अब धीरे धीरे ये वाले पांच भी पूरे होने जा रहे हैं और यूपी की सत्ता से हाथी को बाहर हुए 15 वर्ष हो जायेंगे। इन 15 वर्षों में हाथी के नेताओं की ओर से कोई बड़ा आंदोलन नहीं हुआ। नीली सियासत का कोई बड़ा चेहरा सामने नहीं आया। हां ये जरूर हुआ कि जो चेहरे बहन जी बहन जी कर रहे थे उन्हें जरूर बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। जिन चेहरों को बाहर का रास्ता दिखाया गया था, उन्हें फिर से अंदर बुलाया गया। इसी बीच दलित सियासत में एक नये चेहरे के रूप में



चंद्रशेखर की एंट्री हुई। चंद्रशेखर आज लोकसभा के सांसद हैं और उन्होंने जो पार्टी बनाई है उसके वो राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। बात गाजियाबाद लोकसभा और इसकी सभी विधानसभाओं की करें तो यहां दलित फैक्टर सामने आता है तो इसके इफैक्ट आते है। मगर ये भी सत्य है कि पिछले 10 वर्षों में बसपाने यहां कोई ऐसा नया नेता पैदा नहीं किया जो दलित समाज से हो और लोकसभा स्तर पर अपना असर रखता हो। ऐसा नहीं है कि दलित समाज के पास नेता नहीं है। दलित समाज के पास राजनीति के ऊर्जावान युवा चेहरे भी हैं , इनमें कई अधिवक्ता हैं और कई शिक्षक हैं। मगर सवाल ये है कि जिस हाथी की पूंछ पकड़कर ये चलते हैं वो हाथी इन्हें कभी भी छिटक देता है। सवाल अब ये है कि 2027 के चुनावी रण में ये नीली सियासत का ये वोट बैंक किधर जायेगा। क्या मायावती का जादू इस वोट बैंक पर चलेगा। क्या भीम आर्मी वालों के खाते में ये वोट जायेग। बड़ा सवाल यही है कि अभी यहां ना बसपा के पास कोई लीडर है और ना ही आजाद समाज पार्टी के पास कोई कोई लीडर है जो चुनाव को डायरेक्ट हिट करने की क्षमता रखता हो। ये अलग बात है कि चुनाव के समय केवल चुनाव लड़ने के लिए अन्य दलों और अन्य समाज के नेता यहां आ जायें और चुनाव लड़ने के बाद वापस लौट जायें। लेकिन इस वोट बैंक का क्या होगा ये सवाल अभी हवा में गूंज रहा है।

# 25 करोड़ 65 लाख से बनेगा यूपी का सबसे आधुनिक फायर स्टेशन

## तीन मंजिला भवन में बैठेंगे दमकल विभाग के अधिकारी | सिहानी गेट थाने के बराबर में चल रहा है निर्माण कार्य

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** यूपी पुलिस इन दिनों आधुनिकरण पर काम कर रही है और इसका जीता जागता उदाहरण गाजियाबाद में थाना सिहानी गेट के निकट बन रहा फायर विभाग का नया फायर स्टेशन है। दमकल विभाग के अधिकारियों और पुलिस कमिश्नरेट से मिली जानकारी के अनुसार यहां दमकल विभाग का गाजियाबाद मुख्यालय बनाया जा रहा है, जिसके लिए शासन स्तर से 25 करोड़ 65 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

इस फायर स्टेशन को गुजरात तर्ज पर बेहद हाईटेक और आधुनिक सुविधाओं से लैस रखा जाएगा। यहां अधिकारियों के बैठने के लिए एकेडमिक ब्लॉक बनेगा। तो ऑफीसर्स क्वार्टर के साथ ही दमकल विभाग के कर्मचारियों के रहने के लिए बड़ी आवास योजना भी बनाई गई है। गाजियाबाद की बढ़ती आबादी घनत्व को ध्यान में रखते हुए यहां 20 से अधिक फायर विभाग की बड़ी गाड़ियों और अन्य वाहनों को खड़ा करने उनके पानी भरने का इंतजाम से लेकर अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएगी। बताया जा रहा है कि फायर स्टेशन गाजियाबाद बेहद आधुनिक रहेगा। इसको बनाने का काम सरकार ने जल निगम सीएनडीएस को दिया गया है।






### एकेडमिक बिल्डिंग और बैरक का भी होगा निर्माण



करंट क्राइम : मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने जानकारी दी है कि सिहानी गेट थाने के निकट जो मुख्य फायर स्टेशन परिसर बनाया जा रहा है, उसका निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। उन्होंने जानकारी दी है कि इसमें एकेडमिक बिल्डिंग, ऑफिस और बैरक बनाई जाएगी, जो ग्राउंड लेवल और एक मंजिल तक रहेगी। इसके साथ ही ऑफीसर्स क्वार्टर का निर्माण किया जाएगा, जो ग्राउंड प्लस तीन मंजिला बनेगा। उन्होंने बताया है कि अधिकारियों के बनने वाले आवास और कार्यालय बेहद आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल के साथ बनाए जाएंगे। साथ ही इनको हवादार बनाने के साथ ही वर्तमान समय की सभी मूलभूत सुविधाओं से युक्त रखा जाएगा।

### दमकलकर्मियों के लिए बनेगी 11 मंजिला बिल्डिंग

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाला सिस्टम बनने के बाद गाजियाबाद मेट्रोपॉलिटन सिटी में शुमार हो गया है। यहां बड़ी संख्या में थानों के निर्माण से लेकर पुलिस कर्मियों की संख्या में इजाफा किया गया है। तो वहीं दमकल विभाग में भी भविष्य में कई फायर स्टेशन बनाए जाने पर विचार चल रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए सिहानी गेट थाना के निकट बन रहे दमकल विभाग के मुख्य कैंपस में दमकल कर्मियों के लिए ग्राउंड प्लस 11 मंजिला बिल्डिंग भी विकसित की जाएगी। जिसमें दमकलकर्मी अपने परिवार के साथ रह सकें। इसमें अलग-अलग स्तर के अधिकारियों के लिए भवन की सुविधा प्रदान की जाएगी। कुछ मकान टाइप टू के रहेंगे। तो कुछ टाइप थ्री और अधिकारियों के लिए आवंटित किए जाएंगे।

### अब तक आठ करोड़ रुपए करदायी संस्था को भेजे गए

करंट क्राइम : दमकल विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार जल निगम सीएनडीएस द्वारा इस फायर स्टेशन मुख्यालय परिसर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसके लिए अभी तक 8 करोड़ रुपए करदायी संस्था को क्रेडिट किया जा चुके हैं। बताया जा रहा है कि इस फायर स्टेशन का निर्माण कार्य कम से कम समय में करना है। जिसके लिए अधिकारियों की लगातार यहां मॉनिटरिंग और मीटिंग भी चल रही है। बता दें कि शासन ने इस प्रोजेक्ट की कीमत 25 करोड़ 65 लाख तय की है। जिसके तहत यहां जनरेटर से लेकर अन्य तमाम सुविधाएं मुहैया कराई जानी है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों का कहना है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बन रहा यह दमकल विभाग का सबसे आधुनिक कार्यालय, मुख्यालय और परिसर रहेगा।

# पिलखन के पेड़ ने रोक दिया कमिश्नरेट में थाने का निर्माण कार्य

## अब ठेकेदार लगा रहा है नगर निगम और वन विभाग के चक्कर

**-एक महीने से रुका पड़ा है घंटाघर कोतवाली में हरे पेड़ के चलते निर्माण का काम**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों थाने से लेकर पुलिस ऑफिस और लाइन से लेकर अलग-अलग कार्यालयों में काम चल रहा है, लेकिन घंटाघर कोतवाली परिसर के अंदर कैंटीन निर्माण का कार्य बीते एक महीने से बंद चल रहा बताया जा रहा है।

इस मामले की जब दैनिक करंट क्राइम ने हड़ताल की तो मालूम चला कि कैंटीन के निर्माण की राह में एक हरा पेड़ बड़ा रोड़ा बन गया है। बताया जा रहा है कि करीब 91 सेंटीमीटर की मोटाई वाला पिलखन का पुराना पेड़



आने की वजह से निर्माण कार्य रुक गया है। जानकारी मिली है कि ठेकेदार ने इसलिए काम रोक दिया है, क्योंकि ना तो वन विभाग इसे काटने और हटाने की परमिशन दे रहा है और ना नगर निगम वाले इसकी छंटाई और कटाई का काम कर रहे हैं।

वन विभाग की ओर से जो ठेकेदार को लैटर दिया गया है, उसमें ड्राफ्ट से लेकर कई तरीके के रूल और रेगुलेशन बताए जा रहे हैं, जिसकी वजह से निर्माण वाला कार्य रुक गया है। अब मामला पुलिस के अधिकारियों तक पहुंचना शुरू हो गया है, जिसके बाद कहा जा रहा है कि इसमें कोई हल निकाला जा सकता है।

### पेड़ है बड़ा और पुराना, एक मिस्त्री भी हो चुका है इससे घायल

करंट क्राइम : सूत्रों से जानकारी मिली है कि घंटाघर कोतवाली में एक निजी बैंक के सहयोग से कैंटीन का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य शुरू हुआ था, इसी दौरान इस बड़े पेड़ की टहनी गिरने से एक मजदूर जख्मी हो गया था। जिसके बाद ठेकेदार ने इसे हटवाने और कटवाने का प्रयास किया, जो सरकारी अड़चन की वजह से रुक गया और अब काम लगभग एक महीने से रुका बताया जा रहा है। इसकी वजह से ठेकेदार कभी वन विभाग के अधिकारियों के चक्कर लगाता है। तो कभी नगर निगम और कभी पुलिस के अधिकारियों के पास पहुंचता है लेकिन मामले का हल नहीं निकल पा रहा है।

### थाने में होना है निर्माण, इसीलिए डर रहे हैं मिस्त्री और ठेकेदार

करंट क्राइम : उधर सूत्रों ने बताया है कि अगर मामला थाने परिसर का ना होता तो ठेकेदार और मिस्त्री कब के इस हरे पेड़ का इलाज कर देते लेकिन मामला घंटाघर थाना कोतवाली परिसर के भीतर का है। इसीलिए ठेकेदार और मिस्त्री भी कोई रिएक्शन लेने पर घबरा रहे हैं कि कोई सरकारी एक्शन ना हो जाए और मामला बिगड़ जाए। कुल मिलाकर बीते एक महीने से निर्माण कार्य एक हरे पेड़ के मोटे तने और लंबी टहनियां की वजह से रुका हुआ बताया जा रहा है।

# ट्रैफिक पुलिस ने ऑटो चालकों को पढ़ाया नियमों का पाठ, 161 ऑटो के काटे चालान

**- अवैध सीटिंग और बम्पर लगाने वालों पर कड़ी कार्रवाई**

**- कई स्थानों पर चला अभियान**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** यातायात माह-2025 के तहत गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता और प्रवर्तन की संयुक्त कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस आयुक्त और डीसीपी ट्रैफिक के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार को कविनगर क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने ऑटो में लगाई जा रही अवैध अतिरिक्त सीटें और रियर बम्पर हटवाने की कार्रवाई की। कुल 161 ऑटो की चेकिंग की गई, जिसमें से 55 ऑटो में अवैध फिटिंग पाई गई। मौके पर ही गैस कटर से इन अतिरिक्त सीटों और अवैध बम्परों को हटवाया गया।

ट्रैफिक पुलिस ने सभी ऑटो चालकों को चेतावनी देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि आगे से किसी भी प्रकार की अवैध फिटिंग-अतिरिक्त सीट, लोहे के बम्पर या संशोधन-न करें, अन्यथा कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन, एसीपी ट्रैफिक प्रथम जियाउद्दीन, यातायात निरीक्षक सहित ट्रैफिक पुलिस की पूरी टीम मौजूद रही।

## संपादकीय

# यूनिवर्सिटी में आतंकी नेटवर्क

फरीदाबाद की अलफलाह यूनिवर्सिटी के 15 डॉक्टर गायब हैं, लेकिन जांच एजेंसियां देश भर में ऐसे 200 आतंकी डॉक्टरों की तलाश कर रही हैं। उन मस्जिदों और ठिकानों की भी गहरी जांच की जाएगी, जहां फरार आतंकी डॉक्टर छिपे हो सकते हैं अथवा नए किस्म के आतंकवाद में उनकी भूमिका संदिग्ध और सवालिया है। आतंकी डॉक्टरों से जुड़ी जो परतें खुल रही हैं, उनके मद्देनजर लादेन, अल जवाहीरी सरीखे अलकायदा के सरगना आतंकियों की साजिशों को भी मात दी जा रही है। अलफलाह यूनिवर्सिटी की बिल्डिंग नंबर 17 के कमरा नंबर 13 में साजिशों की बैठकें होती थीं। तय किया गया था कि 32 कारें खरीदी जाएंगी, जिनके जरिए देश के 32 शहरों में आत्मघाती विस्फोट किए जाएंगे। अब जांच एजेंसी एनआईए ने भी खुलासा कर दिया है कि लालकिले के पास वाला कार-विस्फोट हड़बड़ी में नहीं किया गया अथवा कोई दुर्घटना नहीं थी, बल्कि वह एक फिदायीन हमला था और डॉ. उमर नबी एक आत्मघाती बॉम्बर था। अब यह भी रहस्योद्घाटन हो चुका है कि आतंकी डॉक्टरों ने 20 लाख रुपए का आतंकी फंड जुटाया था। जिन हवाला एजेंटों के जरिए यह पैसा आतंकियों तक पहुंचा, जांच एजेंसियां उनसे भी पूछताछ कर रही हैं। बहरहाल यह आतंकी फंड उमर नबी को सौंप दिया गया था। उमर ने 3 लाख रुपए का फर्टिलाइजर हरियाणा के नूंह (मेवात) से खरीदा था। यह बम बनाने में सहायक सामग्री के तौर पर इस्तेमाल किया जाता रहा है। दिल्ली विस्फोट 10/11 से पहले उमर नबी ने नूंह की हिदायत कॉलोनी में एक कमरा किराए पर लिया था। वहां विस्फोटक सामग्री भी जमा की थी। नूंह और अलफलाह यूनिवर्सिटी के बीच उमर की आवाजाही सीसीटीवी में कैद होती रही। ऐसी 1300 से अधिक सीसीटीवी की फुटेज जांच एजेंसियों ने खंगाली हैं। जिस कमरे में साजिश की बैठकें होती थीं, वह एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मुजम्मिल का कमरा था, जिसे अब सील कर दिया गया है। जांच एजेंसियों को उस और असिस्टेंट प्रोफेसर रहे डॉ. उमर नबी के कमरा नंबर 4 से डायरियां, पेन ड्राइव, डिजिटल डाटा आदि बरामद हुए हैं। उनमें कई कूटनाम सामने आए हैं। उन्हें खंगालने और असलियत की तह तक पहुंचने की कोशिशें जारी हैं। आतंकी डॉक्टर आपस में थ्रीमा एप के जरिए संवाद करते थे और संपर्क में रहते थे। यह एप मोबाइल नंबर से लिंक नहीं होता, लिहाजा आसानी से पकड़ा भी नहीं जा सकता। आतंकी सिर्फ कश्मीर, दिल्ली, उप्र, फरीदाबाद में ही सक्रिय नहीं थे, बल्कि उनके तार सऊदी अरब, तुर्किए, दुबई, नेपाल तक भी फैले थे। इन देशों, शहरों में आतंकी संगठन ह्यजैश-ए-मुहम्मद के हैंडलर्स भी मौजूद रहे हैं। वहीं से आतंकी डॉक्टरों को निर्देश मिलते रहे हैं। यह भी खुलासा हुआ है कि डॉ. शाहीन सईद उर्फ मैडम सर्जन नेपाल भागने की फिराक में थी। वह उप्र के हापुड़ और उत्तराखंड में महिला जेहादियों का भर्तीखाना खोलना चाहती थी।

# भारतीय शेयर बाजार छह दिन की तेजी पर ब्रेक

## सेंसेक्स 278 और निफ्टी 103 अंक गिरकर लाल निशान पर बंद

**नई दिल्ली।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन भारतीय बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 277.93 अंक गिरकर 84,673.02 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 103.40 अंक गिरकर 25,910.05 अंक पर आ गया।

वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच आईटी, धातु और पूंजीगत सामान कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से छह दिन से जारी तेजी का सिलसिला टूट गया। भारतीय बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 277.93 अंक या 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84,673.02 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 392.59 अंक या 0.46 प्रतिशत गिरकर 84,558.36 अंक पर आ गया था।

वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 103.40 अंक या 0.40 प्रतिशत गिरकर 25,910.05 पर आ गया। शेयर बाजारों में नकारात्मक धारणा के अनुरूप मंगलवार को सीमित दायरे में कारोबार के दौरान रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 2 पैसे की गिरावट के साथ 88.61 (अनंतिम) पर बंद हुआ।



### कमजोर वैश्विक धारणा के कारण हुई मुनाफावसूली

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि हाल में आई तेजी के बाद निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली से घरेलू शेयर बाजार में गिरावट आई। यह गिरावट कमजोर वैश्विक धारणा को दशार्ती है। दिसंबर में अमेरिकी फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कम हो गई है, जिससे धारणा प्रभावित हुई है। मजबूत डॉलर के बीच आईटी, धातु और रियल्टी शेयरों में गिरावट आई है।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी गिरावट

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक तेजी से नीचे बंद हुए। यूरोपीय बाजार लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार सोमवार को नकारात्मक दायरे में बंद हुए।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, इटरनल, अडानी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख रूप से पिछड़े रहे। वहीं, भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स और टाइटन के शेयर लाभ में रहे।

**ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 63.94 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा :** वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.40 प्रतिशत गिरकर 63.94 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 442.17 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने भी पिछले कारोबार में 1,465.86 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सोमवार को लगातार छठे दिन तेजी के साथ सेंसेक्स 388.17 अंक या 0.46 प्रतिशत चढ़कर 84,950.95 पर बंद हुआ। निफ्टी 103.40 अंक या 0.40 प्रतिशत बढ़कर 26,013.45 पर बंद हुआ।


# एसबीआई का अनुमान: दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि 7.5% के करीब, जीएसटी संग्रह 2 लाख करोड़ पार करने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक की रिपोर्ट के अनुसार चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में देश की जीडीपी वृद्धि दर लगभग 7.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सेवा और विनिर्माण दोनों क्षेत्रों में तेजी के साथ-साथ संरचनात्मक सुधारों से भी विकास को बल मिल रहा है।

सकल जीएसटी संग्रह में वृद्धि की उम्मीद राजकोषीय मोर्चे पर, रिपोर्ट में कहा गया है कि नवंबर 2025 के लिए सकल घरेलू जीएसटी संग्रह (अक्तूबर 2025 रिटर्न से संबंधित) लगभग 1.49 लाख करोड़ रुपये हो सकता है। यह साल-दर-साल 6.8 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। आयात पर संग्रहित आईजीएसटी और उपकर से प्राप्त 51,000 करोड़ रुपये को शामिल करते हुए, नवंबर माह के लिए कुल जीएसटी प्राप्तियां 2.0 लाख करोड़ रुपये को पार कर सकती हैं।

### त्योहारी सीजन और जीएसटी सुधारों से बढ़ी मांग

बैंक ने इसका श्रेय त्योहारी सीजन की चरम मांग, कम जीएसटी दरों और बेहतर अनुपालन को दिया है। साथ ही कहा कि अधिकांश राज्यों में सकारात्मक लाभ होने की संभावना है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि जीएसटी को तर्कसंगत बनाने के बाद सितंबर और अक्तूबर



2025 के त्योहारी महीनों के दौरान खपत में भारी वृद्धि होगी।

### क्रेडिट और डेबिट कार्ड खर्च का विश्लेषण

इसके शुरूआती संकेत क्रेडिट और डेबिट कार्ड से खर्च करने के पैटर्न के विश्लेषण से सामने आए हैं। क्रेडिट कार्ड के उपयोग में, ऑटो, किराना स्टोर, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्निशिंग और यात्रा जैसी श्रेणियों में, विशेष रूप से ई-कॉमर्स क्षेत्र में, मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। शहर-वार आंकड़ों से संकेत मिलता है कि सभी क्षेत्रों में मांग बढ़ी है, मध्यम श्रेणी के शहरों में सबसे तेज वृद्धि देखी गई है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- क्या आप जानते हैं? ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने 27 ब्रिटिश प्रधानमंत्री शिक्षित किए हैं।
- आपको जानकर हैरानी होगी की, एक पांडा ने देखा कि गर्भवती पांडों को विशेष उपचार मिलता है, इसलिए उसने अतिरिक्त बांस पाने के लिए गर्भवती पांडों के व्यवहार की नकल की थी।
- दो ईसाई भिक्षुओं ने चीन के बाहर बांस के डिब्बे में रेशम के कीड़े की तस्करी की थी। उन रेशम कीड़े का उपयोग यूरोप में बीजान्टिन साम्राज्य को व्यापार एकाधिकार देने के लिए किया गया था, जो कि अगले 650 वर्षों के लिए उनकी अर्थव्यवस्था का आधार बन गया।
- क्या आप जानते हैं? बांस का आकार प्रजातियों पर निर्भर करता है। बांस की सबसे बड़ी प्रजाति 1300 फीट की ऊंचाई तक पहुंच सकती है।
- बांस के फूल को शायद ही कभी देखा जा सकता है। आपको जानकर आश्चर्य होगा की बांस के कुछ प्रजातियों में 65 या 120 साल बाद फूल विकसित होते हैं। बांस के फूलों के बारे में दिलचस्प तथ्य यह है कि एक जैसी बांस प्रजाति के सभी पौधे एक ही समय में फूल विकसित करते हैं, चाहे वे दुनिया में कहीं भी हों।
- विशाल पांडा में मांस आधारित आहार के लिए सभी आवश्यक उपकरण हैं लेकिन यह एक जीन खो गया है जो उमामी रिसेप्टर के लिए एन्कोड करता है। मांस के लिए इनका कोई स्वाद नहीं है और इसीलिए ये खुशी-खुशी केवल बांस पर ही जीवित रहते हैं।

# महंगाई पर ट्रंप का दावा: हमने कीमतों को सामान्य स्तर पर लाया, अब और कम करेंगे

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया है कि उनकी आर्थिक नीतियों के चलते महंगाई अपने सामान्य स्तर पर आ गई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन आने वाले समय में कीमतों का दबाव और कम करने की दिशा में काम करेगा।



अमेरिका में बढ़ती जीवन-यापन लागत के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी आर्थिक नीतियों का बचाव किया है। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार ने महंगाई को फिर से सामान्य स्तर पर ला दिया है। ट्रंप ने कहा कि प्रशासन आने वाले समय में कीमतों का दबाव और कम करने की दिशा में काम करेगा। उन्होंने कहा कि हम इसे काफी नीचे ले आए हैं, लेकिन इसे और थोड़ा कम करेंगे। हमें परफेक्शन चाहिए।

### महंगाई को लेकर डेमोक्रेट्स और पूर्व राष्ट्रपति पर साधा निशाना

ट्रंप ने महंगाई के लिए एक बार फिर डेमोक्रेट्स और पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने दावा किया कि 2024 चुनाव में उनकी जीत से अमेरिकियों को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि कीमतों को लेकर हमने जितना काम किया है, वैसा किसी ने नहीं किया। जब हमने सत्ता संभाली, तब हालात बिखरे हुए थे।

### ट्रंप ने कई कृषि उत्पादों पर टैरिफ को किया खत्म

भले ही ट्रंप अपनी नीतियों का बचाव करते आ रहे हो लेकिन उन्हें लगातार वित्तीय तनाव से परेशान मतदाताओं का सामना करना पड़ रहा है। इस दबाव को कम करने के लिए पिछले हफ्ते ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने बीफ, कॉफी, ट्रॉपिकल फलों और कई अन्य कृषि उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ को खत्म करने की घोषणा की है।

### टैरिफ नीति से पीछे हटते नजर आ रहे ट्रंप

ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल की आर्थिक नीति का आधार आयातित वस्तुओं पर भारी शुल्क लगाकर घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना रखा था, लेकिन रोजमर्रा के उपयोग वाली वस्तुओं पर टैरिफ हटाना उनकी नीति से पीछे हटना माना जा रहा है। हाल ही में हुए ऑफ-ईयर चुनावों में वर्जीनिया, न्यू जर्सी समेत कई राज्यों में मतदाताओं ने महंगाई को सबसे बड़ा मुद्दा बताया, जिसके बाद डेमोक्रेट्स ने बड़ी जीत दर्ज की थी।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता जल्द, लेकिन किसानों-मछुआरों के हितों से समझौता नहीं: पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर अच्छी खबर तभी मिलेगी, जब यह निष्पक्ष, न्यायसंगत और संतुलित होगा। भारत किसानों और मछुआरों के हितों के साथ समझौता नहीं करेगा। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने संकेत दिया कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर जल्द सकारात्मक घोषणा हो सकती है। उन्होंने कहा कि जैसे ही समझौता न्यायसंगत, संतुलित और दोनों पक्षों के लिए समान रूप से लाभकारी होगा, आपको अच्छी खबर सुनने को मिलेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत समझौते में किसानों और मछुआरों के हितों की भी रक्षा करेगा।



गोयल न इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित भारत-अमेरिका आर्थिक शिखर सम्मेलन में कहा कि व्यापार समझौते के लिए बातचीत एक प्रक्रिया है और एक राष्ट्र के रूप में भारत को किसानों, मछुआरों और लघु उद्योगों के हितों को देखना होगा। भारत और अमेरिका मार्च से प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। अब तक छह दौर की बातचीत पूरी हो चुकी है।

### विदेशी निवेश को बढ़ाने पर दिया जोर

इस बीच गोयल ने कहा कि वह प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और विदेशी संस्थागत निवेश (एफआईआई) को बढ़ावा देने के उपायों पर चर्चा के लिए हितधारकों के साथ बैठक कर रहे हैं। इसके लिए प्रक्रियाओं को तेज, सुचारू और अधिक कुशल बनाया जाएगा।

### निवेश से देश को होंगे कई फायदें

मंत्री ने कहा कि निवेश से रोजगार सृजन होगा, नई प्रौद्योगिकियां आएंगी, अनुसंधान एवं विकास व नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। इससे रक्षा विनिर्माण को भी बढ़ावा मिलेगा, घरेलू मुद्रा को अधिक स्थिरता मिलेगी जिससे मुद्रास्फीति को और कम करने में मदद मिलेगी।

### आपूर्ति शृंखला में विविधता लाने का दिया सुझाव

गोयल ने कहा कि हमें नीतिगत निश्चितता और स्थिर मुद्रा व सम्पूर्ण निवेश पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में निवेशकों में विश्वास देखने की जरूरत है। साथ ही उन्होंने उद्योग को अपनी आपूर्ति शृंखला में विविधता लाने व एक ही क्षेत्र पर निर्भरता कम करने का भी सुझाव दिया।

# घरेलू बाजार में चांदी के दाम में लगातार गिरावट, दिल्ली में 1,66,900 रुपये प्रति किलोग्राम

**नई दिल्ली।** घरेलू सरार्फा बाजार में चांदी के भाव में आज लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई है। आज इस चमकीली धातु की कीमत में 2,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई है। आज की इस गिरावट के कारण देश के अलग अलग सरार्फा बाजारों में चांदी 1,68,700 रुपये प्रति किलोग्राम से लेकर 1,74,900 रुपये प्रति किलोग्राम तक के भाव पर बिक रही है। दिल्ली में आज चांदी की कीमत फिसल कर 1,66,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। इसी तरह मुंबई, अहमदाबाद और कोलकाता में भी चांदी 1,66,700 रुपये के भाव पर कारोबार कर रही है। जयपुर, सूरत और पुणे में चांदी 1,67,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। बेंगलुरु में चांदी 1,67,200 रुपये के स्तर पर और पटना तथा भुवनेश्वर में 1,66,800 प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश में चांदी की सबसे अधिक कीमत अभी भी चेन्नई और हैदराबाद में है, जहां ये चमकीली धातु आज 1,72,900 रुपये के स्तर पर आ गई है।



उत्तर भारत के कई बड़े शहरों यूपी, बिहार, दिल्ली के साथ-साथ मुंबई, चेन्नई और हैदराबाद में चांदी की कीमत में हाल के दिनों में गिरावट दर्ज की गई है। पिछले महीने यानी अक्टूबर की 15 तारीख को चेन्नई में चांदी करीब 2,07,700 रुपये प्रति किलो बिक रही थी। इसी तरह उस दिन दिल्ली में चांदी की कीमत 1,98,000 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई थी। हालांकि, त्योहारी सीजन खत्म होने के बाद इस चमकीली धातु की कीमत में गिरावट शुरू हुई।

## राशिफल

**मेष :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कारोबारी कामकाज मनोनुकूल लाभ देंगे।

**वृष :** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। नए कारोबारी अनुबंध हो सकते हैं।

**मिथुन :** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के कामों में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क :** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। शारीरिक हानि व कष्ट संभव है। किसी अपने ही व्यक्ति से अकारण विवाद हो सकता है।

**सिंह :** शत्रुता बढ़ सकती है। वाणी में नियंत्रण आवश्यक है। कुंआरों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। शारीरिक समस्या हो सकती है।

**कन्या :** परिवार के छोटे सदस्यों की अध्ययन संबंधी चिंता रह सकती है। दुष्टजनों से सावधान रहें। स्थायी संपत्ति में वृद्धि हो सकती है।

**तुला :** शारीरिक कष्ट संभव है। चोट व रोग से बचें। आराम के साधनों पर खर्च होगा। लेखन व पठन-पाठन में समय व्यतीत हो सकता है। सफलता प्राप्त करेंगे।

**वृश्चिक :** पुराना रोग परेशानी का कारण रह सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद संभव है। क्लेश रहेगा। मन में दुविधा रहेगी।

**धनु :** दांपत्य जीवन सुखमय व्यतीत होगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। किसी भी विवाद में न पड़ें। प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे।

**मकर :** किसी भी कानूनी फेर में न पड़ें। वाणी पर संयम रखें। मस्तिष्क पीड़ा हो सकती है। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में अतिथियों का आगमन होगा।

**कुंभ :** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभ देगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी।

**मीन :** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। हाथ तंग रहेगा। किसी व्यक्ति से व्यर्थ में विवाद हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। भावनाओं को वश में रखें।

## चुटकुले

पूरे विश्व में भारत ही एक ऐसा देश है
जहां आप रेलवे स्टेशन जाकर पूछ सकते हैं कि,
भाई 9 बजे वाली ट्रेन कितने बजे आएगी...

---

पत्नी अपने पति की ऊंगली बिजली के बोर्ड में डालने लगी
पति हाथ छुड़वाते हुए बोला 'करंट लग जायेगा'
पत्नी- डोंट वरी कल ही करवाचौथ का व्रत किया है
चेक कर रही हूं व्रत में कोई कमी तो नहीं रह गई....

---

मोनू- जितना आपकी बेटी 1 महीने में उड़ाती है,
1 हफ्ते में मेरी गाड़ी उतना तेल खाती है....
लड़की का बाप- ऐसी कौन सी गाड़ी चलाता है बे
मोनू- रोडरोलर...

---

मास्टर- पढाई शुरू कर दो, पेपर आने वाले हैं
पप्पू- मैं तो खूब पढाई करता हूं, कुछ भी पूछ लो
मास्टर- बता ताजमहल किसने बनाया
पप्पू- मिस्त्री ने
मास्टर- अबे गधे मतलब किसने बनवाया
पप्पू- ठेकेदार ने बनवाया होगा...

## 19 11 2025 करंट क्राइम

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं — आज के जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# टी20 वर्ल्ड कप में अभिषेक शर्मा के साथ ओपनिंग करेंगे वैभव सूर्यवंशी? 42 गेंद में 144 रनों की पारी से हुआ कंफर्म!





**नई दिल्ली।** अभी तक टी20 क्रिकेट में बतौर ओपनर अभिषेक शर्मा जलवा बिखेर रहे थे। पिछले कुछ महीनों में 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने भी टीम इंडिया के लिए ओपनिंग करते हुए कई तूफानी पारियां खेली हैं। एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूनार्मेंट में वैभव ने यूएई के खिलाफ 42 गेंदों में 144 रनों की पारी खेल सनसनी मचा दी थी। इसी पारी में उन्होंने 32 गेंदों में शतक पूरा कर लिया था। इससे पहले अंडर-19 टीम के लिए भी उन्होंने दमदार पारियां खेली हैं।

चारों ओर इस तरह की बातें शुरू हो गई हैं कि अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी टीम इंडिया के लिए ओपनिंग करें तो विरोधी टीम थर-थर कांपने लगेगी। टी20 इंटरनेशनल में अभिषेक का स्ट्राइक रेट 189 ।51 का है। दूसरी ओर वैभव ने अभी अपना इंटरनेशनल क्रिकेट डेब्यू नहीं किया है, लेकिन टी20 क्रिकेट में उनका स्ट्राइक रेट 229 ।29 का है।

सोशल मीडिया पर टी20 वर्ल्ड 2026 में अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी की संभावित ओपनिंग जोड़ी को लेकर खूब चर्चा हो रही है। एक व्यक्ति ने दावा किया कि अगर ये दोनों ओपनिंग कर रहे हों, तो भारत पावरप्ले में ही 80 का स्कोर पार कर लेगा। वहीं एक व्यक्ति ने कहा कि उन दोनों की ओपनिंग जोड़ी के खिलाफ गेंदबाज रहम की भीख मांगेंगे। मगर सवाल है कि ऐसा होने की संभावना कितनी है और वैभव इस उम्र में डेब्यू कर भी सकते हैं या नहीं। वैभव सूर्यवंशी भारत की सीनियर टीम में आएंगे या नहीं, इस पर उनके कोच मनोज ओझा ने कहा था कि, मैंने पहले भी कहा है कि वैभव भारत की टी20 टीम में आएगा। उसने इस लक्ष्य की ओर पहला कदम उठा दिया है। उनका आक्रामक स्टाइल और जिस आत्मविश्वास से बैटिंग कर रहे हैं, वो तारीफ के काबिल है। यह मेरे लिए बतौर कोच एक सम्मान की बात है। वो अच्छी गेंद का सम्मान करते हैं और बुरी गेंद पर शॉट लगाना जानते हैं।

### क्या वैभव करेंगे अभिषेक शर्मा के साथ ओपनिंग?

अभी अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल भारतीय टी20 टीम की ओपनिंग कर रहे हैं। गिल की टी20 फॉर्म बहुत ज्यादा अच्छी नहीं रही है, लेकिन टीम के उपकप्तान होने और मैनेजमेंट का सपोर्ट होने के कारण वो शायद ही टीम से बाहर होंगे। दूसरी ओर वैभव सूर्यवंशी अभी भारत की सीनियर टीम के लिए डेब्यू कर ही नहीं सकते हैं, क्योंकि वो अभी 14 साल के हैं। कऊउ ने कुछ वर्ष पूर्व इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू के लिए न्यूनतम उम्र 15 साल कर दी थी। वैभव का जन्मदिन 27 मार्च को आता है, लेकिन टी20 वर्ल्ड कप 2026 उससे पहले ही समाप्त हो चुका होगा। भविष्य के लिए इउउक अभिषेक-वैभव की ओपनिंग जोड़ी का रुख कर सकता है, लेकिन टी20 वर्ल्ड कप में ऐसा होना संभव नहीं है।

# जर्मनी-नीदरलैंड का दबदबा कायम! दमदार जीत के साथ दोनों टीमों ने वर्ल्ड कप का टिकट पक्का किया



**जर्मनी।** जर्मनी ने एक बार फिर दिखा दिया कि यूरोपीय फुटबॉल में उसका कद क्यों इतना बड़ा है। सोमवार को खेले गए विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले में जर्मनी ने स्लोवाकिया को 6-0 से रौंदकर अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर लिया। इस जीत के साथ जर्मनी ने अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया और विश्व कप में लगातार क्वालिफाई करने की अपनी गौरवशाली परंपरा को बनाए रखा।

चार बार की चैंपियन यह टीम अब 23वें विश्व कप में 21वीं बार हिस्सा लेगी। उल्लेखनीय है कि जर्मनी ने 1930 के पहले विश्व कप में हिस्सा नहीं लिया था और 1950 में उसे भाग लेने की अनुमति नहीं मिली थी। इसके बाद से टीम लगातार दुनिया के सबसे बड़े फुटबॉल मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराती रही है।

जर्मनी के बाद अब नीदरलैंड ने भी अपने शानदार प्रदर्शन से विश्व कप की टिकट सुनिश्चित कर ली। लुइस वान गाल की अगुवाई वाली डच टीम ने लिथुआनिया को 4-0 से हराते हुए अपने ग्रुप में अपराजित रहते शीर्ष स्थान पर कब्जा किया। नीदरलैंड की टीम पोलैंड से आगे रही और यह सफलता उसके लगातार संतुलित प्रदर्शन का परिणाम है। हालांकि, डच टीम अभी तक विश्व कप खिताब नहीं जीत पाई है, लेकिन 1974, 1978 और 2010 में फाइनल तक पहुंचकर उसने अपनी ताकत साबित की है।

हालांकि जर्मनी और नीदरलैंड सीधे क्वालिफाई कर चुके हैं, लेकिन स्लोवाकिया और पोलैंड के लिए उम्मीद अभी खत्म नहीं हुई है। दोनों टीमों को अब प्लेऑफ में जगह बनाने का मौका मिलेगा। प्लेऑफ का ड्रॉ गुरुवार को होगा। दिलचस्प बात यह है कि स्लोवाकिया ने ग्रुप ए के शुरूआती मैच में जर्मनी को 2-0 से हराकर बड़ा उलटफेर किया था। यह विश्व कप क्वालीफाइंग में जर्मनी की सिर्फ तीसरी हार थी। लेकिन इसके बाद जर्मनी ने गजब की वापसी की और लगातार पांच मैच जीतकर स्लोवाकिया को लीपज़िग में 6-0 से शिकस्त देकर शुरूआती हार का बदला चुका दिया। जर्मनी और नीदरलैंड के अलावा इंग्लैंड, फ्रांस, पुर्तगाल, क्रोएशिया और नॉर्वे भी अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए यूरोप से क्वालिफाई कर चुके हैं।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में, त्रीसा और गोपीचंद को मिली हार



**नई दिल्ली।** सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूनार्मेंट के दूसरे दौर में जगह बना ली है। सात्विक-चिराग की जोड़ी ने पहले दौर में चीनी ताइपे के चांग को-ची और पो ली-वेई पर सीधे गेम में जीत दर्ज की। विश्व की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने को-ची और पो ली-वेई के खिलाफ 48 मिनट तक चले पहले दौर के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 25-23, 21-16 से जीत हासिल की।

### शुरूआती गेम में एक समय पिछड़ रही थी भारतीय जोड़ी

सात्विक और चिराग की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी शुरूआती गेम में एक समय 2-6 से पीछे चल रही थी। इसके बाद भी कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन चीनी ताइपे की जोड़ी ने 16-14 तक मामूली बढ़त बनाए रखी। भारतीयों ने पलटवार करते हुए 19-17 की बढ़त बना ली, लेकिन इसके बाद मुकाबला रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया। इसके बाद दोनों टीमों को गेम प्वाइंट मिले लेकिन आखिर में भारतीय जोड़ी अपने तीसरे गेम प्वाइंट को भुनाने में सफल रही। सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम की शुरूआत में 7-4 की बढ़त बना ली, लेकिन नेट पर दो गलतियों और ताइवानी जोड़ी के एक जोरदार स्मैश ने उन्हें बराबरी पर ला दिया। भारतीय जोड़ी इंटरवल तक एक अंक से आगे थी। इसके बाद उन्होंने अपनी बढ़त बरकरार रखकर मैच अपने नाम किया। महिला युगल में हालांकि त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को अपने पहले मैच में इंडोनेशिया की एफ कुसुमा और एम पुष्पितसारी की जोड़ी से 10-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय, किदांबी श्रीकांत, आयुष शेट्टी जैसे भारतीय एकल खिलाड़ी बुधवार को अपने अभियान की शुरूआत करेंगे।

# कबड्डी स्टार नरवाल बोले- केसीएल युवाओं को दे रहा सुनहरा मौका; वर्ल्ड टेनिस लीग पहली बार भारत में





**नई दिल्ली।** भारत के जाने-माने कबड्डी खिलाड़ी राजेश नरवाल ने एक खास बातचीत में बताया कि कबड्डी चैंपियंस लीग (कउछ) हरियाणा के युवाओं के लिए एक बड़ा बदलाव ला रही है। उनके मुताबिक केसीएल ने लड़कों को ट्रेनिंग, मौके और करियर, तीनों ही स्तरों पर नई ऊर्जा दी है।

### गांव से लेकर शहर तक, हर किसी को मौका

राजेश नरवाल ने बताया कि केसीएल ने हरियाणा के हर इलाके, छोटे गांव से लेकर बड़े शहर तक में कबड्डी को नई जिंदगी दी है। लीग बेहतरीन ट्रेनिंग, राष्ट्रीय स्तर का माहौल, प्रोफेशनल खेलने का अनुभव जैसी सुविधाएं दे रही है। उनके अनुसार इससे युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने और करियर बनाने का बड़ा रास्ता मिल रहा है।

नरवाल ने कहा कि हरियाणा को पहले से ही रेसलिंग का गढ़ माना जाता है। लेकिन केसीएल जैसी पहलें अब राज्य को कबड्डी और बाकी खेलों का हब बना रही हैं। उन्होंने कहा, 'हरियाणा खेलों की धरती है। कुश्ती और कबड्डी में हमारे खिलाड़ी हमेशा छाए रहे हैं। केसीएल के साथ मुझे यकीन है कि हरियाणा जल्द ही देश की स्पोर्ट्स कैपिटल कहलाएगा।'

### वर्ल्ड टेनिस लीग पहली बार भारत में

तीन सीजन तक यूएई में धमाल मचाने के बाद वर्ल्ड टेनिस लीग अब पहली बार भारत आ रही है। यह चार दिन का बड़ा टूनार्मेंट 17 से 20 दिसंबर तक एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम (बेंगलुरु) में खेला जाएगा। इस लीग को आइकॉनिक स्पोर्ट्स एंड इवेंट्स लिमिटेड आयोजित करता है।

### दुनिया के बड़े टेनिस सितारे होंगे भारत में एक साथ

इस बार वर्ल्ड टेनिस लीग में कई टॉप इंटरनेशनल खिलाड़ियों की मौजूदगी होगी। इनमें मेदवेदेव, किर्गियोस, रयबाकिना, बडोसा, मोनफिल्स शामिल हैं। भारत में टेनिस की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए कई भारतीय खिलाड़ियों को भी जगह दी गई है। इनमें सुमित नागल, युकी भांबरी, अंकिता रैना, श्रीवल्ली भामिदीपाती, माया रेवती, धाकशिनेश्वर सुरेश और शिविका बर्मन शामिल हैं। इससे भारतीय प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलने का शानदार मौका मिलेगा।

डब्ल्यूटीएल अपने मजेदार टीम फॉर्मेट, तेज गति वाले मैचों और हाई-एनर्जी माहौल के लिए मशहूर है। यही वजह है कि यह टूनार्मेंट दुनिया भर के फैंस और खिलाड़ियों का ध्यान खींचता है।

डब्ल्यूटीएल के भारत आने पर उत्साह जताते हुए वर्ल्ड नंबर पांच एलेना रयबाकिना ने कहा, 'भारत की टेनिस संस्कृति के बारे में मैंने बहुत सुना है। मैं यहां डब्ल्यूटीएल में खेलकर बहुत उत्साहित हूं।

# ढाका हवाई अड्डे पर घंटों फंसे रहे भारतीय तीरंदाज, तकनीकी खराबी के कारण उड़ान रद्द,



**नई दिल्ली।** एशियाई चैंपियनशिप से लौट रहे भारतीय तीरंदाजों के लिए ढाका से दिल्ली की यात्रा एक बेहद परेशान करने वाला अनुभव साबित हुई। तकनीकी खराबी के कारण उड़ान रद्द होने के बाद भारतीय दल को लगभग 10 घंटे तक ढाका एयरपोर्ट पर फंसा रहना पड़ा, जबकि शहर में दंगों और तनाव का माहौल था।

23 सदस्यीय दल में कई सीनियर खिलाड़ी- अभिषेक वर्मा, ज्योति सुरेखा और ओलंपियन धीरज बोम्मादेवरा भी शामिल थे। उड़ान में लगातार देरी और एयरलाइन की ओर से स्पष्ट जानकारी न मिलने के चलते स्थिति और बिगड़ती गई।

### रात दो बजे तक एयरपोर्ट पर इंतजार, फिर अचानक उड़ान रद्द

भारतीय दल रात साढ़े नौ बजे दिल्ली जाने वाली फ्लाइट के लिए एयरपोर्ट पहुंचा था। बोर्डिंग के बाद उन्हें बताया गया कि विमान में तकनीकी खराबी है और उड़ान नहीं भरेगी। ढाका की सड़कों पर हिंसा बढ़ रही थी, इसलिए टीम एयरपोर्ट के अंदर ही सुरक्षित स्थान पर रुकी रही। लेकिन रात दो बजे एयरलाइन ने सूचना दी कि उड़ान रद्द की जा रही है और उस रात कोई वैकल्पिक फ्लाइट उपलब्ध नहीं है।

### बिना सुरक्षा स्थानीय बस में भेजा गया

समस्या तब और गंभीर हो गई जब टीम एयरपोर्ट से बाहर निकली। दंगों की स्थिति के बावजूद एयरलाइन ने टीम को बिना किसी सुरक्षा के एक खिड़कीहीन स्थानीय बस में भेज दिया। लगभग आधे घंटे की यात्रा के बाद उन्हें एक अस्थायी लॉज में ठहराया गया। अभिषेक वर्मा के मुताबिक, वह स्थान लॉज से ज्यादा एक धर्मशाला जैसा था। बदहाल कमरों, गंदे शौचालयों और बेहद कमजोर व्यवस्थाएं थीं। उन्होंने बताया, 'महिलाओं के लिए एक कमरे में छह बिस्तर थे, और सिर्फ एक शौचालय, जो बेहद गंदा था। यह कोई होटल नहीं था।' दल में दो नाबालिग खिलाड़ी भी शामिल थे, ऐसे में सुरक्षा की कमी चिंता का बड़ा कारण थी।

### सुबह फिर एयरपोर्ट वापसी, दिल्ली पहुंचने में भी देरी

सुबह सात बजे टीम को फिर एयरपोर्ट ले जाया गया। हालांकि उन्हें बाद में नई उड़ान मिली, लेकिन दिल्ली पहुंचने पर भी खिलाड़ियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई तीरंदाज अपनी कनेक्टिंग फ्लाइ, हैदराबाद और विजयवाड़ा के लिए पकड़ नहीं पाए और उन्हें महंगी टिकट लेकर नई बुकिंग करनी पड़ी।

### एयरलाइन पर गंभीर आरोप

अभिषेक वर्मा ने एयरलाइन को कड़े शब्दों में जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, 'उन्हें पता था कि शहर में दंगे चल रहे हैं। फिर भी हमें स्थानीय बस में भेजा गया। अगर कुछ हो जाता तो जिम्मेदार कौन होता?' वर्मा ने यह भी बताया कि अगर एयरलाइन ने सुबह की फ्लाइट की पुष्टि पहले कर दी होती, तो टीम रातभर एयरपोर्ट पर ही रुकना पसंद करती।

## हितेश ने पूर्व विश्व चैंपियन ओकाजावा को हराया

# विश्व कप फाइनल्स में भारतीय मुक्केबाजों का दबदबा जारी



**नई दिल्ली।** युवा हितेश गुलिया ने अपने कैरियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए दो बार के विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता और एशियाई खेलों के चैम्पियन जापान के सेवोन ओकाजावा को हरा दिया और इसके साथ ही विश्व कप फाइनल्स में सोमवार को दूसरे दिन भी भारतीय मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी रहा ।

हितेश ने 70 किलो वर्ग में 3-2 से मिली जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बना ली ।जदुमणि सिंह ( 50 किलो ), पवन बर्तवाल ( 55 किलो ), सुमित कुंडू ( 75 किलो ) और नवीन कुमार ( 90 किलो ) भी अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीत गए। भारत के अब 20 पदक पक्के हो गए हैं चूंकि नौ मुक्केबाजों ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीत लिये जबकि 11 मुक्केबाज अभियान की शुरूआत ही सेमीफाइनल या फाइनल से कर रहे हैं।

सेना के बर्तवाल ने विश्व मुक्केबाजी कप के स्वर्ण पदक विजेता कजाखस्तान के अल्तिनबेक नूरसुल्तान को 5-0 से हराया ।सुमित ने दक्षिण कोरिया के किम हियोन ताए को 75 किलो वर्ग के क्वार्टर फाइनल में 5 .0 से मात दी ।वहीं स्ट्रांजा 2024 पदक विजेता नवीन ने कजाखस्तान के बेकत तंगातार को हराया ।

# पाकिस्तान में अचानक खराब हुई इन दो श्रीलंकाई खिलाड़ियों की तबीयत, स्वदेश लौटेंगे



**नई दिल्ली।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने सोमवार को बताया कि कप्तान चरिथ असलंका सहित श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के दो सीनियर खिलाड़ी बीमारी के कारण पाकिस्तान में टी20 त्रिकोणीय सीरीज छोड़कर स्वदेश लौटेंगे। एसएलसी ने बयान में कहा कि दासुन शनाका को त्रिकोणीय सीरीज के लिए कप्तान नियुक्त किया गया है जिसमें मेजबान टीम और जिम्बाब्वे भी शामिल हैं जबकि तेज गेंदबाज असिथ फर्नांडो की जगह पवन रत्नायके को टीम में शामिल किया गया है।

एसएलसी ने एक्स पर लिखा, 'दो खिलाड़ी स्वदेश लौट रहे हैं। कप्तान चरित असलंका और तेज गेंदबाज असिथ फर्नांडो। दोनों ही बीमारी हैं और स्वदेश लौटेंगे। दोनों खिलाड़ी श्रीलंका, पाकिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच होने वाली आगामी त्रिकोणीय सीरीज में हिस्सा नहीं लेंगे।'

बोर्ड ने बीमारी की प्रकृति के बारे में विस्तार से नहीं बताया। एसएलसी ने कहा कि दोनों को वापस बुलाया गया है जिससे कि व्यस्त सत्र से पहले उन्हें उचित चिकित्सा सुविधा मिल सके। बयान के अनुसार, 'यह एहतियाती फैसला यह सुनिश्चित करता है कि उन्हें उचित देखभाल मिले और भविष्य के मुकाबलों से पहले उन्हें ठीक होने के लिए पर्याप्त समय मिले।'

इसमें कहा गया, 'असलंका की अनुपस्थिति में दासुन शनाका कप्तान होंगे। उनकी जगह पवन रत्नायके को टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है।' हाल ही में इस्लामाबाद में हुए घातक आत्मघाती हमले के बाद सुरक्षा चिंताओं के कारण श्रीलंकाई टीम के कई खिलाड़ी स्वदेश लौटना चाहते थे लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी ने उन्हें कड़ी सुरक्षा का आश्वासन दिया जिसके बाद मेहमान टीम ने वहीं रुकने का फैसला किया।

# महिला टी20 विश्वकप फॉर द ब्लाइंड: भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच दिखी खेलभावना, खिलाड़ियों ने मैच के बाद मिलाया हाथ



**नई दिल्ली।** महिला टी20 विश्व कप फॉर द ब्लाइंड में 16 नवंबर को भारत और पाकिस्तान की खिलाड़ी मैदान पर भिड़ीं, लेकिन मैच के बाद उन्होंने जो किया, उसने सभी का ध्यान खींच लिया। श्रीलंका के कटुनायके स्थित बीओआई क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले के बाद दोनों टीमों की खिलाड़ियों ने एक-दूसरे से हाथ मिलाया। यह इसलिए खास रहा क्योंकि हाल के महीनों में दोनों देशों के बीच कई टूनार्मेंट्स में नो-हैंडशेक पॉलिसी चल रही थी।

एशिया कप से शुरू हुआ यह ट्रेंड पुरुष टीमों तक पहुंचा था, जहां सूर्यकुमार यादव की टीम इंडिया और सलमान आगा की पाकिस्तान टीम ने भी हैंडशेक नहीं किया था। यही सिलसिला महिला वर्ल्ड कप और राइजिंग स्टार्स एशिया कप तक जारी रहा, लेकिन इस मैच ने उस दूरी को पलों में मिटा दिया।

### मैदान पर भारत का दबदबा

मैच की बात करें तो भारत ने पाकिस्तान को बुरी तरह मात दी। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 135/8 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में भारत ने यह लक्ष्य महज 10.2 ओवर में दो विकेट खोकर हासिल कर लिया। भारत की ओपनर दीपिका टी.सी. ने 21 गेंदों पर 45 रन बनाए, जबकि अनेखा देवी ने 34 गेंदों पर 64 रन* की शानदार पारी खेली। दोनों का स्ट्राइक रेट क्रमशः 214.29 और 188.24 रहा। पाकिस्तान की 12 एक्स्ट्रा रन की गलती उनकी मुश्किल बढ़ाती चली गई।

जानकारी के अनुसार, दोनों टीमें एक ही बस से स्टेडियम पहुंचीं और मैच के बाद भी एक-दूसरे को बधाई दी। पाकिस्तान की कप्तान निमरा रफीक ने भारत की जीत स्वीकार की, जबकि भारत की कप्तान दीपिका टी.सी. ने पाकिस्तान की मेहनत की सराहना की।

### भारत का दमदार अभियान जारी

2025 महिला ब्लाइंड टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया का प्रदर्शन अब तक लाजवाब रहा है। श्रीलंका के खिलाफ पहला मैच भारत ने 10 विकेट से जीता था। मेजबान टीम को सिर्फ 41 पर रोककर भारतीय टीम ने महज तीन ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया था।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। कप्तान दीपिका के 91 और फुला सारेन के नाबाद 54 रन की मदद से भारत ने 20 ओवर में 292/4 का स्कोर बनाया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया मात्र 57 पर ऑल आउट हो गई। भारत ने 209 रन की विशाल जीत हासिल की। पाकिस्तान के खिलाफ भी भारत ने अपनी जीत की लय बरकरार रखी और लगातार पांचवीं जीत हासिल की।


# कोलकाता पिच विवाद के बाद गौतम गंभीर ने ये क्या कर दिया, किसी ने नहीं की थी उम्मीद



**नई दिल्ली।** भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका 2 टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच कोलकाता में खेला गया। इस मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने टीम इंडिया को 30 रनों से हरा दिया था। चूंकि यह मुकाबला मात्र ढाई दिनों में समाप्त हो गया था, इसके कारण ईडन गार्डन्स की पिच और क्यूरेटर की जमकर आलोचना भी हुई। कई सारे क्रिकेट एक्सपर्ट्स और दिग्गज खिलाड़ियों ने पिच की आलोचना की, लेकिन गौतम गंभीर ने सबको चौंकाते हुए पिच का समर्थन किया था।

भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका दूसरा टेस्ट 22 नवंबर से गुवाहाटी में खेला जाना है। मगर उससे पहले टीम इंडिया ने 18 नवंबर को कोलकाता में वैकल्पिक प्रैक्टिस सेशन किया। इस अभ्यास सत्र के दौरान जब कोच गौतम गंभीर मैदान पर आए, तो वो पिच क्यूरेटर सुजन मुखर्जी से गले मिलते दिखे। इससे पहले गौतम गंभीर ने कोलकाता की पिच और क्यूरेटर मुखर्जी के बचाव में आकर कहा था कि, हम इसी तरह की पिच चाहते थे। मुझे लगता है क्यूरेटर ने काफी सपोर्ट दिखाया, हम ऐसी ही पिच कंडीशन चाहते थे, मगर जब अच्छा नहीं खेलते तो ऐसे परिणाम आते हैं।

इसके अलावा गंभीर ने यह भी कहा कि पिच कैसी भी रही हो, 124 रनों का टारगेट चेज किया जा सकता था। गंभीर ने टीम इंडिया की हार का ठीकरा बल्लेबाजों पर फोड़ा था। उनका कहना था कि अच्छा डिफेंस और संयम से बैटिंग करके बल्लेबाज रन बना सकते थे।




## राघव गोयल-तान्या गोयल का सगाई समारोह धूमधाम से सम्पन्न



गाजियाबाद करंट क्राइम। नरेश चंद गोयल-अंजना गोयल के सुपुत्र राघव गोयल की सगाई संजय गोयल-अनु गोयल की पुत्री तान्या गोयल के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुई। वेदान्ताफार्म हाउस में आयोजित सगाई समारोह में समाज के गणमान्य लोग पहुंचे। सभी ने इस अवसर पर गोयल परिवार को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए वर-वधु राघव गोयल और तान्या गोयल को आशीर्वाद प्रदान किया।

### लोनी में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च का भव्य आयोजन, उमड़ा जनसैलाब

# राष्ट्रीय संगठन महामंत्री भाजपा अरुण सिंह ने दिलाई आत्मनिर्भर और स्वदेशी भारत की शपथ

### बिहार चुनाव में कठिन सीटों पर जीत के लिए अरुण सिंह ने विधायक नंदकिशोर गुर्जर को दी बधाई





**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी विधानसभा में राष्ट्र निर्माता और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च का भव्य आयोजन किया गया। यह पदयात्रा श्रीराम पैलेस से लोनी तिराहा तक निकली, जिसमें हजारों की संख्या में स्थानीय नागरिक, स्वयंसेवी संस्थाएँ, एनजीओ, भाजपा कार्यकर्ता, एनसीसी कैडेट्स, स्कूली बच्चे, युवा, महिलाएँ और गणमान्य लोग शामिल हुए।

पदयात्रा के बाद रामलीला मैदान में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह, विशिष्ट अतिथि लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष चौ. चैनपाल सिंह ने की। कार्यक्रम में संयोजक राजेन्द्र वाल्मीकि, यात्रा संयोजक विजय भाटी, उपाध्यक्ष कौमुदी चौधरी, सभासद दल अध्यक्ष रोहित भारद्वाज, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष आरती मिश्रा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष हिमांशु मिश्रा, अनुसूचित मोर्चा संयोजक प्रदीप गहलोत, राजकुमार चौधरी, अरविंद गोयल, रतन भाटी, जगत भाटी, मण्डल अध्यक्ष संतोष मिश्रा, जितेंद्र गुप्ता, राहुल श्याम सुंदर, मनीष चौहान, अश्विनी कुमार समेत सभासद, ग्राम प्रधान और हजारों नागरिक उपस्थित रहे।

#### यूनिटी मार्च सामूहिक शक्ति का प्रतीक : अरुण सिंह

करंट क्राइम। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरुण सिंह ने कहा कि सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोने का जो ऐतिहासिक कार्य किया, वह आज भी राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत है। यूनिटी मार्च राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामूहिक शक्ति का प्रतीक है। लोनी की जनता ने जिस ऊर्जा और विश्वास के साथ भागीदारी की है, वह राष्ट्र और भाजपा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दिखाता है। उन्होंने आगे स्वदेशी अपनाने और देश को आत्मनिर्भर बनाने की शपथ भी दिलाई।



#### लोनी की धरती ने हमेशा सद्भाव और एकता का संदेश दिया : नंदकिशोर गुर्जर

करंट क्राइम। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि लोनी की धरती हमेशा राष्ट्रभक्ति, एकता और सद्भाव का संदेश देती आई है। सरदार पटेल के विचारों और नेतृत्व ने भारत को मजबूती दी। यह यूनिटी मार्च उसी विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए कार्यकर्ताओं और लोनी की सम्मानित जनता का आभार व्यक्त किया।

#### संगठन की शक्ति ही भाजपा की ताकत : चौ. चैनपाल सिंह

करंट क्राइम। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष चौ. चैनपाल सिंह ने कहा कि लोनी में हजारों कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया है, जो सरदार पटेल के सपनों के भारत को साकार करने का संकल्प है। संगठन की शक्ति ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है।

## नोएडा में वाहनों के ट्रायल के लिए खुला भंगेल एलिवेटेड रोड, हजारों लोगों का सफर होगा आसान



**नोएडा करंट क्राइम।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति संगठन के एलान के बाद मंगलवार सुबह नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने डीएससी मार्ग पर आगाहपुर पेट्रोल पंप से एनएसईजेड तक छह लेन के भंगेल एलिवेटेड रोड को ट्रायल के लिए खोल दिया।

इससे ग्रेटर-नोएडा, दादरी, सूरजपुर और नोएडा के सघन आबादी वाले क्षेत्र सदरपुर, छलेरा, आगाहपुर, बरौला, सलारपुर, मंगोल के हजारों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। वहीं, औद्योगिक क्षेत्रों के साथ सेक्टर 43, 40, 41, 48, 49, 47, 101, 107, 106, 110, 82, 88 और फेज-दो के लोगों का सफर भी आसान होगा।

भारतीय लोकशक्ति के राष्ट्रीय महासचिव बीसी प्रधान का कहना है कि उन्होंने एलिवेटेड रोड खोलने के लिए पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रणनीति बनाई थी। तैयारियों के बीच सोमवार रात पुलिस ने उन्हें अन्य पदाधिकारियों के साथ घर में नजरबंद कर दिया। सुबह 11 बजे करीब वह पुलिस अधिकारियों से वार्ता के बाद एलिवेटेड रोड पहुंचे। वहां वाहनों का संचालन हो रहा था।

## सिद्धार्थ विहार में चला अतिक्रमण पर नगर निगम का बुलडोजर

### महापौर सुनीता दयाल ने मौके पर खड़े होकर कराई 20 करोड़ की भूमि कब्जा मुक्त





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** विजय नगर के सिद्धार्थ विहार क्षेत्र में मंगलवार को नगर निगम ने अवैध कब्जों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अपने पीले पंजे का जोरदार प्रयोग किया। निगम की टीम ने कैला गांव स्थित खसरा नंबर 385/3 में लगभग 3500 से 4000 वर्गमीटर जमीन पर बनाए गए अवैध निमार्णों को ध्वस्त कर कब्जा मुक्त करवाया गया। बताया जा रहा है कि कुछ लोगों द्वारा नगर निगम की इस मूल्यवान भूमि पर सड़क बनाकर प्लॉटिंग और निर्माण कार्य की तैयारी की जा रही थी। मामले की जानकारी मिलते ही नगर निगम ने तुरंत एक्शन लिया और पूरी अवैध संरचना को हटाने का अभियान शुरू कर दिया। कार्रवाई के दौरान स्थिति का जायजा लेने के लिए स्वयं महापौर सुनीता दयाल मौके पर पहुंचीं। उन्होंने अधिकारियों के साथ पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया और कहा कि नगर निगम की जमीन पर अवैध कब्जा किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा। महापौर ने इस दौरान राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों, विशेषकर लेखपाल निशात त्यागी पर लापरवाही और संदिग्ध भूमिका का आरोप भी लगाया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर में जहां भी निगम की भूमि पर अवैध कब्जा पाया गया, वहां बिना किसी दबाव के तत्काल कार्रवाई की जाए। इस महत्वपूर्ण अभियान के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा ताकि किसी भी तरह की बाधा या तनाव की स्थिति उत्पन्न न हो। उल्लेखनीय है कि भूमि कब्जा मुक्त कराने की कार्रवाई के दौरान कोई भी भूमाफिया या कब्जाधारी मौके पर नहीं आया, जिसके कारण नगर निगम बिना किसी प्रतिरोध के कार्रवाई पूरी करने में सफल रहा।

#### 20 करोड़ रूपये की बताई जा रही है जमीन

करंट क्राइम : नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक, कब्जा हटाने गई जमीन का बाजार मूल्य लगभग 20 करोड़ रुपये के आसपास है। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि शहर के विकास में बाधा बनने वाले सभी अवैध कब्जों और निमार्णों के खिलाफ इसी तरह का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि अवैध कब्जों की सूचना तुरंत निगम तक पहुंचाएं ताकि समय रहते कार्रवाई हो सके। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में साफ-सफाई और भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम का यह कदम जहां एक तरफ अवैध कब्जों पर लगाम लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है, वहीं दूसरी ओर शहर में कानून व्यवस्था और प्रशासनिक सख़्ती का स्पष्ट संदेश भी देता है।

## मधुबन बापूधाम योजना में सौ करोड़ की लागत से होगा व्यापक विकास



**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** मधुबन बापूधाम योजना में बड़े पैमाने पर विकास कार्यों का मार्ग प्रशस्त हो गया है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष श्री नंद किशोर कलाल ने योजना क्षेत्र में प्रस्तावित विकास कार्यों की रूपरेखा को अंतिम स्वीकृति प्रदान कर दी है। उपाध्यक्ष के निर्देश पर प्राधिकरण सचिव श्री राजेश कुमार सिंह तथा अभियंत्रण अनुभाग की टीम ने स्थल निरीक्षण कर विकास योजना को अंतिम रूप दिया। लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से सड़क, अधोसंरचना, ड्रेनेज सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का कार्य अत्यंत शीघ्र शुरू किया जाएगा। आठ सौ एकड़ में विकसित हो रही इस योजना के अंतर्गत किसानों को कुल 647 भूखंडों के आवंटन का मार्ग भी प्रशस्त हो गया है।

जीडीए ने भूखंड आवंटन हेतु लॉटरी ड्रॉ की तिथियां घोषित कर दी हैं। 27 नवंबर को 40, 60, 90 और 150 वर्गमीटर के भूखंडों का आवंटन किया जाएगा। 28 नवंबर को 200 से 2000 वर्गमीटर तक के भूखंडों का लॉटरी ड्रॉ आयोजित होगा। मधुबन बापूधाम योजना में हो रहे इन विकास कार्यों से आवंटी एवं किसान दोनों ही लाभान्वित होंगे। यह पहल क्षेत्र में समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।




### किस टू-स्टार की पीएके फाइल ने मचा दी खलबली


पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सैकड़ों टू-स्टार हैं। सभी का अपना-अपना अलग ही स्वैग है। कोई अपने काम में माहिर है तो कोई काम सीखते हुए अपनी जगह बनाने के प्रयास में जुटा हुआ है। इन सबके बीच कहा जा रहा है कि साइबर जागरूकता को लेकर तमाम तरीके के कार्यक्रम हो रहे हैं। तो पुलिस वालों के अभियान भी चलाए जा रहे हैं, इन सबके बीच जानकारी मिली है कि सिटी जोन के एक थाने में तैनात टू-स्टार ने पीएके फाइल डाउनलोड की। बताया जा रहा है कि कि टू-स्टार के मोबाइल में जैसे ही पीएके फाइल ऑटो डाउनलोड मोड में थी। जिसके बाद फोन हैक हो गया और फिर थाने के ग्रुप से लेकर कई अन्य कम्युनिटी ग्रुप में टू-स्टार के मोबाइल फोन से आरटीओ चालान वाला मैसेज और लिंक भेजे गए। जिसके बाद एक के बाद एक टू-स्टार पर इस फाइल भेजे जाने के बाद फोन कॉल आना शुरू हो गए। उनका फोन तो हैक था ही उनसे जुड़े कई लोगों के फोन हैक हो गए। तो जब टू-स्टार को कुछ डाउट हुआ, तो उन्होने इस पूरे मामले की सूचना अपने थाने में दी। जिसके बाद अब साइबर वाली टीम इस केस को सॉल्व करने में जुट्टी हुई बताई जा रही है। उधर पुलिस वाले सूत्र बता रहे हैं कि यह किसी पुलिसकर्मी के मोबाइल फोन में पीएके फाइल डाउनलोड का पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई इस तरीके की शिकायतें पुलिस के कार्यालय तक पहुंची हैं। अब सवाल उठ रहा है कि जब पुलिस वाले ही यह गलती कर दे रहे हैं, तो आम लोगों का क्या होगा। वैसे इन दिनों साइबर ठग लोगों को चूना लगाने के लिए अलग-अलग तरीके के प्रयास कर रहे हैं और वर्तमान समय में शादी के इनविटेशन कार्ड से लेकर आरटीओ चालान वाला वायरस भेज कर हैक करने का सिलसिला जोरों पर चल रहा है। यह गाजियाबाद से लेकर प्रदेश के कई प्रमुख शहरों से लेकर कहीं राज्यों में जालसाजी का नया पैटर्न बना हुआ है। जिसके चक्कर में रोजाना सैकड़ो लोग परेशान हो रहे हैं। उधर सूत्र बता रहे हैं कि परेशान टू-स्टार ने थाने के प्रभारी से लेकर अन्य पुलिस कर्मियों को मदद और अपनी व्यथा सुनाई है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि इस तरीके की ठगी के मामले कई इस तरह के अधिकारियों के साथ हो चुके हैं। इसमें लोगों की सावधानी और सतर्कता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। बताया जा रहा है कि जिस टू-स्टार के साथ यह पूरा मामला हुआ है, वह पुल वाले थाने के बराबर का मामला है।




## जिला सैनिक बन्धु बैठक में भूतपूर्व सैनिकों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

## डीएम रविन्द्र कुमार मांदड़ ने एडीएम सिटी को सभी प्रकरणों की जांच शीघ्र पूर्ण करने को कहा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सैनिक बन्धु बैठक में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों और आश्रितों की विभिन्न शिकायतों को सुनते हुए तत्काल और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में आए आवेदनों में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद गाजियाबाद के अध्यक्ष बी.सी. बंसल द्वारा कार्यालय में रखी चुनाव सामग्री को हटाने व व्यवस्थाओं में सुधार के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने एडीएम सिटी को उचित कार्रवाई करने को कहा।

इसी प्रकार रेनू उजलायन के खेत की माप, एक्स सर्विसमैन सुदेशपाल के पंजाब नेशनल बैंक संबंधी प्रकरण, सारजेंट प्रवीन कुमार की फसल नष्ट करने व अवैध कब्जे की शिकायत, इन्दु बोकन कसाना और शहीद विशाल चौहान के लंबित प्रकरणों पर भी संबंधित अधिकारियों को जांच रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी शिकायतों पर समयबद्ध जांच और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में एडीएम सिटी, सहायक पुलिस आयुक्त, जिला सूचना अधिकारी, मेजर जनरल ए.जे.बी. जैनी सहित जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। अंत में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (आई.एन.) राम प्रवेश सिंह ने सभी अधिकारियों एवं लगभग 40 उपस्थित पूर्व सैनिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिकायतें बैठक से दो दिन पूर्व कार्यालय में जमा कराएं ताकि समाधान समय पर हो सके।

### नशा छुड़ाने के लिए नोएडा के अस्पताल में बनेगा वार्ड

**नोएडा।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शराब, गांजा, अफीम समेत अन्य चीजों के सेवन से नशे की लत में पड़े मरीजों को अब इलाज के लिए दिल्ली या लखनऊ नहीं जाना पड़ेगा। जिला अस्पताल में पश्चिमी यूपी का पहला नशामुक्ति उपचार वार्ड बनने वाला है। 10 बेड के वार्ड में मनोचिकित्सक व अन्य स्टाफ तैनात होगा। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में चर्चा के बाद अस्पताल प्रबंधन ने आइपीडी के लिए पत्र भेजकर कवायद तेज कर दी है। जिला अस्पताल प्रबंधन ने वार्ड बनाने के लिए जगह भी चिन्हित कर ली है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के नशा मुक्ति उपचार केंद्र में रोजाना तनाव, शराब, गांजा, अफीम समेत अन्य तरह के नशे के पदार्थ का सेवन करने वाले मरीज परामर्श के लिए पहुंचते हैं। अब मरीजों की संख्या बढ़कर 150 के करीब पहुंच गई है। मनोचिकित्सक डा. स्वाती त्यागी व स्टाफ मरीजों को दवाइयों देकर उन्हें कोर्स पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

**Tarun Kumar**
23h

* **"पिता का प्यार कभी भुलाया नहीं जाता... वो हर धड़कन और हर याद में बसता है।"** * **"आपने हमें खूबसूरत यादें दी हैं; आपका प्यार आज भी हमारा मार्गदर्शक है।"** * **"पिताजी, आप भले ही हमारी नज़रों से ओझल हो गए हों, लेकिन आप हमारे दिलों से कभी नहीं जाएँगे।"** * **"आपके बिना ज़िंदगी कभी पहले जैसी नहीं रहेगी, पापा... आपकी कमी हर दिन खलती है।"** * **"आपका मार्गदर्शन, आपकी आवाज़, आपका प्यार—आपकी जगह कुछ भी नहीं ले सकता, पापा।"** * **"कुछ नुकसान कभी नहीं भर सकते... आपको खोना, पापा, उनमें से एक है।"** * **"आपकी ताकत, आपकी मुस्कान, आपका आशीर्वाद—हमेशा मेरा हिस्सा रहेंगे।"** 🙏🙏🙏🙏





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पिता और पुत्र का रिश्ता बेहद मजबूत विश्वास की डोर से बंधा होता है। तरुण कुमार ने अपने स्वर्गीय पिता को याद करते हुए अपने शब्दों से अपनी भावनाओं का इजहार किया। एक पुत्र ने अपने पिता को याद करते हुए रिश्तो की एक अनुभूति कराई। तरुण कुमार ने अपने पिता के प्रति अपनी श्रद्धा और आस्था के इन शब्दों को फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। पिता और पुत्र के रिश्ते को सार्थक करती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# कॉप-30: वादों को लागू करने वाला सम्मेलन बने भूपेंद्र यादव की विकसित देशों को नसीहत

**बेलेम।** भूपेंद्र यादव ने कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (कॉप-30) को ऐसे सम्मेलन के रूप में याद करने की अपील की, जिसमें वादों को लागू किया गया और वादों को पूरा करने वाले कॉप के रूप में याद रखने का आह्वान किया है। ब्राजील में आयोजित किए जा रहे कॉप30 सम्मेलन में भारत की तरफ से केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने शिरकत की। इस सम्मेलन में अपने संबोधन में भूपेंद्र यादव ने विकसित देशों को नसीहद दी कि वे नेट जीरों के लक्ष्य को तय समय से पहले हासिल करें। साथ ही उन्होंने विकसित देशों से जलवायु वित्त में खरबों डॉलर देने की भी मांग की। भूपेंद्र यादव ने तंज कसते हुए कहा कि कॉप30 सम्मेलन को वादों को लागू करने वाले सम्मेलन के तौर पर याद किया जाना चाहिए।



### 'जलवायु तकनीक की जरूरत'

भूपेंद्र यादव ने अमेजन में कॉप30 सम्मेलन के आयोजन के लिए ब्राजील सरकार की तारीफ की। उन्होंने अमेजन को पृथ्वी की पर्यावरणीय दौलत का जीवित प्रतीक बताया। यादव ने अपने संबोधन में विकसित देशों से अपील की कि वे अपने वादों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि अब किफायती, हर किसी की पहुंच वाली जलवायु तकनीक की जरूरत है और ये सभी के लिए सुगम होनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने साल 2005 के बाद से गैर जीवाश्म ईंधन हम अपने कुल बिजली क्षमता के आधे का उत्पादन कर रहे हैं।

### विकसित देशों से अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की अपील

भूपेंद्र यादव ने कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (कॉप-30) को ऐसे सम्मेलन के रूप में याद करने की अपील की, जिसमें वादों को लागू किया गया और वादों को पूरा करने वाले कॉप के रूप में याद रखने का आह्वान किया है। उन्होंने विकसित देशों से अधिक जलवायु महत्वाकांक्षा प्रदर्शित करने और अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करने का आग्रह किया। भूपेंद्र यादव ने कहा कि 2005 के बाद से भारत की उत्सर्जन तीव्रता में 36% से अधिक की गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि गैर-जीवाश्म स्त्रोत अब देश की कुल बिजली स्थापित क्षमता के आधे से अधिक के लिए जिम्मेदार हैं। यादव ने यह भी कहा कि पेरिस समझौते के उद्देश्यों के तहत देश में केवल सोलह महीनों में 2 अरब से अधिक पौधे लगाए गए।

### ब्राजील ने विभिन्न देशों को भेजा पत्र

संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन के मेजबान देश ब्राजील ने देशों को एक सीधा पत्र भेजकर ग्लोबल वार्मिंग का हल खोजने की अपील की है। सोमवार देर रात भेजा गया यह पत्र ब्राजील के बेलेम में आयोजित किए जा रहे ऐतिहासिक जलवायु शिखर सम्मेलन के बीच भेजा गया है। पत्र में नेताओं से मंगलवार रात तक संभावित समझौते के कई पहलुओं पर चर्चा करने का अनुरोध किया गया है ताकि शुक्रवार को सम्मेलन से समापन से पहले बहुत कुछ तय हो जाए।

# व्हाट्सएप संदेश में मादुरो की आलोचना करने पर वेनेजुएला की 65 वर्षीय महिला को 30 साल जेल

**कराकास।** वेनेजुएला में एक बुजुर्ग महिला को 30 साल की सजा सुनाई गई है, क्योंकि उसने व्हाट्सएप मैसेज में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की निंदा की थी। इस मामले में 65 वर्षीय महिला को 65 वर्षीय मार्गी ओरोज्को को 'देशद्रोह, घृणा भड़काने और षड्यंत्र' के लिए अधिकतम सजा सुनाई गई है। वेनेजुएला की एक अदालत ने एक महिला डॉक्टर को व्हाट्सएप ऑडियो संदेश में राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की सरकार की आलोचना करने के लिए 30 साल जेल की सजा सुनाई है। जानकारी के मुताबिक, 65 वर्षीय मार्गी ओरोज्को को 'देशद्रोह, घृणा भड़काने और षड्यंत्र' के लिए अधिकतम सजा सुनाई गई है, क्योंकि समुदाय के नेताओं ने उनके खिलाफ एक संदेश की शिकायत की थी, जिसे एक विश्वासघाती संदेश माना गया था।



ट्रंप और मादुरो के बीच हो सकती है बातचीत इधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वे वेनेजुएला पर सैन्य कार्रवाई को पूरी तरह खारिज नहीं कर रहे, हालांकि वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो से बात करने की संभावना भी खुली रखी है। ट्रंप का आरोप है कि मादुरो की वजह से ड्रग्स और प्रवासियों की समस्या बढ़ी है।

### अगस्त 2024 में गिरफ्तार की गई थी बुजुर्ग महिला

मामले में बुजुर्ग महिला मार्गी ओरोज्को को अगस्त 2024 में पश्चिमी शहर सैन जुआन डे कोलोन में गिरफ्तार किया गया था, जब मादुरो के पुनर्निर्वाचन के बाद वेनेजुएला संकट में था, जिसे विपक्ष और दर्जनों देशों ने धोखाधड़ी बताकर खारिज कर दिया था। उनके विवादित जीत के दावे के कारण विरोध प्रदर्शन हुए, जिसके परिणामस्वरूप 2,400 गिरफ्तारियां हुईं, हालांकि अधिकांश को कुछ ही महीनों में रिहा कर दिया गया।

### बुजुर्ग को महिला को दो बार पड़ा दिल का दौरा

इन विरोध प्रदर्शनों के बाद, राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने समर्थकों से फासीवादियों की रिपोर्ट करने का आग्रह किया, यह शब्द अक्सर विपक्षी सदस्यों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। वेनेजुएला के जेईपी अधिकार एनजीओ के अनुसार, हिरासत में रहते हुए ओरोज्को को दो बार दिल का दौरा पड़ा है। वहीं एनजीओ फोरो पेनल का कहना है कि वेनेजुएला की जेलों में लगभग 882 राजनीतिक कैदी कैद हैं।

# विवादित समुद्री हिस्से में रसद पहुंचा रही थी फिलीपींस की सेना, चीन ने बाधित किया संचार

**मनीला।** चीन दक्षिण चीन सागर में विवादित इलाके 'सेकंड थॉमस शोल' के आसपास उस समय संचार बाधित किया, जब फिलीपींस की सेना वहां रसद और अपने कर्मी पहुंचा रही थी। इस क्षेत्र के आसपास चीनी तटरक्षक कर्मा और जहाज तैनात रहते हैं।

दक्षिण चीन सागर के लंबे समय से विवादित जलमग्न हिस्से पर फिलीपींस ने खाद्य सामग्री, ईंधन और नए कर्मियों को पहुंचाया। इसी दौरान चीन के सरकारी जहाजों ने घंटों चलने वाले इस मिशन के दौरान संचार को बाधित किया। फिलीपींस के दो शीर्ष अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

फिलीपींस की सशस्त्र सेना ने शुक्रवार को 'सेकंड थॉमस शोल' पर सामान और नौसेना के नए कर्मियों को पहुंचाया। अधिकारियों ने कहा कि चीन तटरक्षक और अन्य जहाजों की मौजूदगी के बावजूद यह आपूर्ति बिना किसी अप्रिय घटना के सफलतापूर्वक पूरी हुई। ये चीनी जहाज वर्षों से इस उथले समुद्री इलाके के आसपास तैनात रहते हैं।



### पहले भी फिलीपींस को चेतावनी दे चुका चीन

हालांकि, अधिकारियों ने अधिक जानकारी नहीं दी। उन्होंने मामले की संवेदनशीलता के कारण नाम न बताने की शर्त पर बात की। वहीं, चीन की ओर से तत्काल कोई बयान नहीं आया है। लेकिन वह पहले भी इस इलाके पर दावा कर चुका है। वह पूरे दक्षिण चीन सागर पर दावा करता है। चीन कई बार फिलीपींस को चेतावनी दे चुका है कि वह इस इलाके पर फंसे अपने युद्धपोत बीआरपी सिएरा माद्रे को हटा ले।

### चीन ने ऐसा कदम क्यों उठाया?

एक अधिकारी ने बताया कि चीनी तटरक्षक ने इस विवादित इलाके के आसपास संचार जाम किया, जब फिलीपींस की टीम सिएरा माद्रे पर सामान पहुंचा रही थी। ऐसा लगता है कि चीन यह कदम इसलिए उठा रहा है, ताकि अमेरिका और दूसरे देशों के ड्रोन निगरानी न कर सकें, जिन्होंने दक्षिण चीन सागर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद का वादा किया है।

फिलीपींस की सेना पिछले साल से अब तक बिना किसी टकराव के 12 बार ऐसे आपूर्ति मिशन कर चुकी है। यह भी संभव हुआ, क्योंकि चीन और फिलीपींस ने जुलाई 2024 में एक अस्थायी गैर-आक्रामक समझौता किया था ताकि इलाके में नई झड़पों को रोका जा सके। हालांकि, अगस्त में चीन ने इस हिस्से पर और अधिक तटरक्षक और संदिग्ध मिलिशिया जहाज भेजे, जिनमें कुछ पर भारी मशीनगनें थीं और साथ में एक हेलिकॉप्टर और एक मानवरहित निगरानी ड्रोन भी था।

# बांग्लादेश: शेख हसीना के बयान प्रसारित करने पर रोक यूनुस सरकार ने मीडिया को दी कड़ी चेतावनी

**ढाका।** बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने प्रेस सेंसरशिप लागू करने की दिशा में कदम उठा लिया है। अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को विशेष ट्रिब्यूनल की ओर से मौत की सजा सुनाए जाने के बाद यूनुस सरकार ने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और ऑनलाइन मीडिया संस्थानों को चेतावनी दी है कि वे अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के किसी भी बयान का प्रकाशन या प्रसारण न करें। इसके पीछे तर्क देते हुए अंतरिम सरकार ने कहा है कि ऐसे बयानों से राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था को खतरा पैदा हो सकता है।

बांग्लादेश के अखबार द डेली स्टार के मुताबिक, नेशनल साइबर सिक्योरिटी एजेंसी (एनसीएसए) ने सोमवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि हसीना के कथित बयानों में ऐसे निर्देश या अपील हो सकती हैं, जो हिंसा, अव्यवस्था और आपराधिक गतिविधियों को भड़का सकती हैं और सामाजिक सौहार्द को प्रभावित कर सकती हैं। इस निर्देश में कहा गया, हम मीडिया से राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में जिम्मेदारी से कार्य करने का आग्रह करते हैं। एजेंसी ने चिंता जताते हुए कहा कि कुछ मीडिया संस्थान दोषी और भगोड़ी करार दी जा चुकीं शेख हसीना के कथित बयान प्रसारित या प्रकाशित कर रहे हैं। एनसीएसए ने कहा कि ऐसे व्यक्तियों के बयान प्रकाशित करना साइबर सिक्योरिटी ऑर्डिनेंस का उल्लंघन है। एजेंसी ने चेतावनी दी कि अधिकारी राष्ट्रीय अखंडता, सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरा पैदा करने वाली, जातीय या धार्मिक नफरत फैलाने वाली, या सीधे हिंसा को उकसाने वाली सामग्री को हटाने या प्रतिबंधित करने के लिए अधिकृत हैं।

एजेंसी के मुताबिक, फर्जी पहचान का इस्तेमाल कर या अवैध रूप से किसी सिस्टम तक पहुंचकर नफरत फैलाने वाले भाषण, जातीय उकसावे या हिंसा के लिए नफरत फैलाना दंडनीय अपराध है, जिसकी सजा दो साल तक की जेल और अधिकतम 10 लाख टका जुमार्ने (या इनमें से कोई एक) तक हो सकती है।

विज्ञप्ति में कहा गया कि एजेंसी प्रेस और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान करती है।



### अपदस्थ पीएम हसीना को एक दिन पहले ही सुनाई गई मौत की सजा

गौरतलब है कि बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने सोमवार को 78 वर्षीय अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को मौत की सजा सुनाई। उनकी सरकार पर पिछले वर्ष छात्र-नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों पर क्रूर दमन के मामले दर्ज हुए थे। इसके बाद आईसीटी ने उन्हें मानवता के खिलाफ अपराध का दोषी ठहराते हुए अनुपस्थिति में मौत की सजा सुनाई। पूर्व गृहमंत्री असदुज्जमां खान कमाल को भी इसी मामले में मृत्युदंड दिया गया। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने इस फैसले की सराहना करते हुए कहा कि यह सिद्धांत स्थापित करता है कि कानून के सामने कोई भी शक्ति से ऊपर नहीं है।

# आतंकवाद पर शून्य सहिष्णुता की जरूरत एससीओ बैठक में बोले भारत के विदेश मंत्री जयशंकर

**मॉस्को।** भारत ने मंगलवार को कहा कि दुनिया को आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के प्रति शून्य सहिष्णुता (जीरो टॉलरेंस) दिखानी चाहिए। इसके अलावा, भारत ने यह भी कहा कि इसको उचित नहीं ठहाराया जा सकता और इसे छिपाया नहीं जा सकता।




### बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुकूल हो एससीओ : जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, हमें आतंकवाद से अपने लोगों की रक्षा करने का अधिकार है और हम यह करते रहेंगे। जयशंकर ने कहा, भारत का मानना है कि एससीओ को बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुकूल होना चाहिए। एक विस्तृत एजेंडा तैयार किया जाना चाहिए और कार्यप्रणाली में सुधार होना चाहिए। उन्होंने कहा, इन उद्देश्यों के लिए सकारात्मक और पूरा योगदान देंगे।

2017 में संगठन के स्थायी सदस्य बने भारत-पाकिस्तान एससीओ का गठन 2001 में शंघाई में किया गया था। इसकी स्थापना एक शिखर सम्मेलन के दौरान रूस, चीन, किर्गिजस्तान, कजाखस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपतियों ने की थी। भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके स्थायी सदस्य बने। जुलाई 2023 में भारत की मेजबानी में आयोजित इस समूह के एक ऑनलाइन सम्मेलन में ईरान इसका स्थायी सदस्य बना।

उन्होंने आगे कहा, हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि एससीओ को आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद से निपटने के लिए बनाया गया था। बीते वर्षों में ये खतरे और भी गंभीर हो गए हैं। विदेश मंत्री ने कहा, यह जरूरी है कि दुनिया आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के प्रति जीरो टॉलरेंस दिखाए। इसे उचित नहीं ठहराया जा सकता और इस पर पर्दा नहीं डाला जा सकता। विदेश मंत्री ने वैश्विक स्तर पर मौजूदा आर्थिक हालात और प्रभावशाली समूह में बेहतर सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया।

# गाजा शांति प्रयास: UNSC ने अमेरिकी योजना मंजूर की, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा बल की राह खुली

**संयुक्त अमेरिका।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने गाजा के लिए अमेरिकी योजना को मंजूरी देते हुए अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा बल की राह खोल दी। दो साल के इस्राइल-हमास युद्ध के बीच यह कदम युद्धविराम को मजबूती देने वाला माना जा रहा है। प्रस्ताव में ट्रंप की 20-बिंदु योजना और ह्यबोर्ड ऑफ पीसह्ण के गठन का प्रावधान है, जो 2027 तक सीमा सुरक्षा और क्षेत्र के हथियारमुक्त करने जैसे अहम कार्य संभालेगा।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने गाजा के लिए अमेरिकी योजना को मंजूरी देकर अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा बल की राह खोल दी है। ऐसे में अब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार को गाजा के लिए अमेरिकी योजना को मंजूरी दे दी, जिसमें एक अंतरराष्ट्रीय स्थिरीकरण बल की तैनाती और भविष्य में फलस्तीनी राज्य की संभावित राह का जिक्र है।

हालांकि दूसरी ओर रूस और चीन ने मतदान से दूरी बनाई, जबकि 13 देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया। अमेरिका को उम्मीद थी कि रूस अपना वीटो इस्तेमाल नहीं करेगा।

बता दें कि दो साल से चल रहे इस्राइलझ्रहमास युद्ध के बाद यह प्रस्ताव गाजा में जारी नाजुक युद्धविराम को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। कई अरब और मुस्लिम देशों ने पहले ही संकेत दे दिया था कि वे गाजा में सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय बल भेजने में तभी हिस्सा लेंगे, जब सुरक्षा परिषद से इसकी औपचारिक अनुमति मिल जाए।



### फलस्तीनी राज्य को लेकर नेतन्याहू का विरोध जारी

इन प्रस्वातों से इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की नाराजगी खुलकर सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि वह किसी भी तरह फलस्तीनी राज्य की स्थापना का विरोध करेंगे। उनका तर्क है कि यह कदम हमास को इनाम देने जैसा होगा और आगे चलकर इस्राइल की सीमा पर एक और बड़ा हमास-नियंत्रित राज्य बन सकता है।

### प्रस्वात को अरब देशों का समर्थन

गौरतलब है कि अमेरिका को प्रस्ताव पारित कराने में अरब और मुस्लिम देशों का समर्थन निर्णायक साबित हुआ। कतर, मिस्र, यूएई, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, जॉर्डन और तुर्की ने एक संयुक्त बयान जारी कर प्रस्ताव को जल्दी अपनाने की अपील की थी।

# जापान में चीनी नागरिकों की सुरक्षा पर खतरा: चीन ने जारी की यात्रा चेतावनी

**बीजिंग।** जापान में चीनी लोगों के लिए सुरक्षा वातावरण लगातार बिगड़ता जा रहा है। हाल ही में जापानी नेताओं ने चीन के थाइवान के बारे में स्पष्ट रूप से भड़काऊ टिप्पणियां की हैं, जिससे चीन व जापान के बीच आदान-प्रदान के माहौल को गंभीर नुकसान पहुंचा है और जापान में चीनी नागरिकों की व्यक्तिगत सुरक्षा व जीवन को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। पेइचिंग समयानुसार 14 नवंबर को, चीन के विदेश मंत्रालय ने इस बात पर एक यात्रा परामर्श जारी किया।




चीनी संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय ने चीनी पर्यटकों को निकट भविष्य में जापान की यात्रा से बचने की चेतावनी दी है। इसमें कहा गया है कि जापान में पहले से मौजूद चीनी पर्यटकों को स्थानीय सुरक्षा स्थिति पर कड़ी नजर रखनी चाहिए, सुरक्षा सावधानियों के बारे में अपनी जागरूकता बढ़ानी चाहिए, आत्म-सुरक्षा को मजबूत करना चाहिए। आपात स्थिति में उन्हें तुरंत स्थानीय पुलिस को बुलाना चाहिए और सहायता के लिए जापान में स्थित चीनी दूतावास या वाणिज्य दूतावास से संपर्क करना चाहिए।

# सऊदी बस हादसा: नींद नहीं आई, इसलिए बच गई शोएब की जान

## 42 लोगों की मौत, पूरा परिवार खत्म



**मक्का।** हैदराबाद के जिर्राह इलाके में रहने वाला शख्स शोएब अपने माता-पिता के साथ उमरा करने गया था। जो सऊदी अरब में हुए भीषण बस हादसे में बचने वाला एकमात्र शख्स है। इस हादसे में नींद की आगोश में समाए 42 लोग जहां जिंदा जल गए, वहीं नींद न आने से परेशान शोएब की जान कैसे बच गई। सऊदी अरब में मक्का से मदीना जा रही एक बस भीषण सड़क हादसे का शिकार हुई। इस दौरान बस में सवार सभी 46 लोगों में से केवल एक युवक- 24 वर्षीय मोहम्मद अब्दुल शोएब- जिंदा बच पाया। बाकी सभी यात्री कुछ ही सेकेंड में आग की लपटों में समा गए।

### कैसे बची शोएब की जान?

शोएब पूरी रात ठीक से सो नहीं पाए थे। बाकी सभी यात्री गहरी नींद में थे, पर वह जाग रहे थे। समय काटने के लिए वह बस के आगे की सीट पर ड्राइवर के पास आकर बैठ गए और शायद उससे बातचीत भी कर रहे थे। तभी अचानक, एक तेज रफ्तार डीजल टैंकर उनकी बस से भिड़ गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस तुरंत आग की चपेट में आ गई। सिर्फ कुछ सेकेंड का मौका था, शोएब और ड्राइवर ने तुरंत खिड़की से कूदकर जान बचाई। बाकी लोगों को बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला।

### दर्दनाक में पूरा परिवार हो गया खत्म

हैदराबाद के हज हाउस में शोएब के रिश्तेदार बेचैनी से जानकारी जुटा रहे थे। शोएब के करीबी मोहम्मद तहसीन ने बताया, 'सुबह करीब 5.30 बजे शोएब ने फोन करके बताया कि वह बच गया है, लेकिन बाकी सब आग में जिंदा गए। बाद में पता चला कि उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।' शोएब हैदराबाद के जिर्राह इलाके के निवासी हैं और एक निजी कंपनी में काम करते थे। वे अपने माता-पिता अब्दुल खदीर और घौसिया बेगम के साथ उमरा करने गए थे। इसी यात्रा में उनका पूरा परिवार, माता-पिता, दादा और चाचा के परिवार के कई लोग, इस हादसे में खत्म हो गया। शोएब को बस से कूदने के दौरान चोट लगी है और उसे मदीना के जर्मन अस्पताल में आईसीयू में भर्ती किया गया है।

### एक परिवार के 18 सदस्यों की मौत

35 वर्षीय सैयद राशिद के लिए यह हादसा जीवनभर का घाव बन गया। उनके 18 परिजन इसी बस में थे, और कोई भी नहीं बच पाया। इनमें राशिद के पिता और पूर्व रेलवे कर्मचारी शेख नसीरुद्दीन, मां अख्तर बेगम, भाई, भाभी और उनके तीन बच्चे, अमेरिका में रहने वाले सिराजुद्दीन, उनकी पत्नी और तीन बच्चे, उनकी बहनें और उनके बच्चे शामिल हैं। राशिद ने रोते हुए कहा, 'मैंने उन्हें एयरपोर्ट पर छोड़ा थाह्व कभी सोचा नहीं था कि वह आखिरी बार होगा। मैंने कहा था कि सब लोग साथ में सफर मत करो, पर उन्होंने बात नहीं मानी।'

### अन्य परिवारों पर टूटा दुखों का पहाड़

एक और रिश्तेदार ने बताया कि उसने अपने परिवार के सभी पांच सदस्य खो दिए, दो बहनोई, सास और एक भांजी। हादसे की खबर सुनते ही सैकड़ों परिजन हैदराबाद के हज हाउस और ट्रैवल एजेंसियों के दफ्तरों में भागते पहुंचे। सभी के चेहरे पर डर, बेचैनी और उम्मीद की आखिरी किरण थी। लेकिन जानकारी धीरे-धीरे सामने आई, बस में मौजूद कोई भी यात्री नहीं बचा। वहीं अल मीना ट्रैवल एजेंसी के प्रतिनिधि ने बताया कि 9 नवंबर को उनकी एजेंसी से 20 लोग सऊदी गए थे, उनमें से 16 मक्का से मदीना लौटते समय इसी बस में थे।

# जी20 समिट में शामिल नहीं होगा अमेरिका, घोषणा न करने की मांग पर दक्षिण अफ्रीका ने जताई असहमति

**जोहानसबर्ग।** अमेरिका इस साल के जी20 समिट में शामिल नहीं होगा और चाहता है कि कोई आधिकारिक घोषणा न हो। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका के शेरपा क्सोलिसा माभोंगो ने कहा कि यह निर्णय केवल अध्यक्ष पर निर्भर नहीं करता। जी 20 में 19 देश, यूरोपीय संघ और अफ्रीकी संघ शामिल हैं, इसलिए सभी की सहमति जरूरी है।

दक्षिण अफ्रीका इस साल जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। ऐसे में अब इसमें अमेरिका की भूमिका को लेकर चर्चा तेज हो गई है। एक ओर जहां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस सम्मेलन में आने से पूरी तरह मना कर दिया। इसके बाद अमेरिका अब इस बात पर भी जोर दे रहा है कि दक्षिण अफ्रीका के जोहानसबर्ग में होने वाले जी20 ग्लोबल लीडर्स समिट से पहले इस साल कोई आधिकारिक घोषणा न हो। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका के सम्मेलन में प्रतिनिधि जी20 शेरपा क्सोलिसा माभोंगो का कहना है कि यह निर्णय केवल दक्षिण अफ्रीका पर निर्भर नहीं करता, बल्कि सभी जी20 देशों की सहमति जरूरी है।



इस मामले में जानकारी देते हुए माभोंगो ने कहा कि हमें अमेरिका से सूचना मिली कि वे इस बैठक में शामिल नहीं होंगे और उनकी इच्छा है कि कोई घोषणा न हो। लेकिन जी20 के अध्यक्ष होने के नाते यह सिर्फ हमारे निर्णय पर नहीं है। जी20 में 19 देश, यूरोपीय संघ और अफ्रीकी संघ शामिल हैं। कोई भी देश सीधे हमसे यह नहीं कह सकता कि घोषणा न हो।

### शेरपा पर हुई बैठ का आधार

उन्होंने बताया कि रविवार से शेरपा हुई शेर्पा बैठक में इस अनुरोध को लेकर कोई समस्या नहीं आई और बैठक का माहौल सकारात्मक है। माभोंगो ने कहा कि बैठक में सहयोग का भाव है और सभी चाहते हैं कि समिट के अंत में एक महत्वपूर्ण परिणाम निकल सके। अब तक कोई बड़ी चुनौती नहीं आई है। अमेरिका इस बैठक में नहीं है, यह उनका विकल्प है। हम कोई बड़ी समस्या नहीं देख रहे। माभोंगो ने इस बात पर भी जोर दिया कि दक्षिण अफ्रीका ने इस साल जी20 के एजेंडे पर बहुत कुछ रखा है, लेकिन यह उनका अधिकार है। उन्होंने बताया कि जब दक्षिण अफ्रीका ने 1 दिसंबर, 2024 को जी20 की अध्यक्षता संभाली, तो चार मुख्य प्राथमिकताए तय की गईं।

गाजियाबाद नगर निगम Ghaziabad Nagar Nigam (ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था) | गाजियाबाद विकास प्राधिकरण GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# एमएमजी अस्पताल में डीएम का औचक निरीक्षण, कई खामियां मिलीं

## सफाई से लेकर आपातकालीन सेवाओं तक सुधार के निर्देश, 'लापरवाही बर्दाश्त नहीं' : डीएम

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने बुधवार को एमएमजी अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, पेयजल, दवा उपलब्धता, स्टाफ की मौजूदगी और आपातकालीन सेवाओं से जुड़े कई बिंदु असंतोषजनक पाए गए, जिस पर डीएम ने सीएमएस सहित संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी।





### निरीक्षण की प्रमुख बातें और डीएम के सख्त निर्देश



**साफ-सफाई पर कड़ी टिप्पणी :** अस्पताल परिसर, वार्डों और मुख्य मार्गों में सफाई की स्थिति असंतोषजनक पाई गई। डीएम ने सीएमएस को स्पष्ट निर्देश दिया कि सफाई व्यवस्था को नियमित और नियंत्रित किया जाए।

**पेयजल आपूर्ति पर सुधार का आदेश :** कई स्थानों पर पेयजल की उपलब्धता और स्वच्छता संतोषजनक न मिलने पर डीएम ने पानी के पॉइंट्स की तुरंत मरम्मत और सफाई सुनिश्चित करने के लिए कहा।

**मरीज जांच और दवा वितरण की व्यवस्था देखें :** डीएम ने कहा कि हर मरीज की समयबद्ध जांच हो, दवाइयों की उपलब्धता स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाए और दवा वितरण केंद्र पर अनावश्यक भीड़ न हो।

**आपातकालीन सेवाएँ विशेष निगरानी में :** डीएम ने आपातकालीन वार्ड में मशीनों, स्टाफ की तैनाती, मरीजों की प्राथमिक जांच और उपचार की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। निर्देश दिए गए कि आपातकालीन मरीजों की जांच को सर्वोच्च प्राथमिकता पर किया जाए और देरी पर जवाबदेही तय की जाए।

**स्टाफ ड्यूटी और व्यवहार पर सख्त टिप्पणी :** निरीक्षण के दौरान कई जगह स्टाफ की उपस्थिति और व्यवहार को लेकर भी निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि ड्यूटी समयबद्ध हो, मरीजों के साथ व्यवहार संतोषजनक हो और शिकायत निवारण तंत्र सक्रिय रखा जाए।



**स्वास्थ्य सेवाओं पर लापरवाही स्वीकार नहीं :** निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पताल की सभी सेवाओं—ओपीडी, जांच केंद्र, मशीनरी, दवा वितरण, वार्ड प्रबंधन और साफ-सफाई—को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुधार तुरंत लागू किए जाएँ। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और ऐसे निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे

# मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने की कार्यकर्ताओं संग बैठक

## हर पात्र नागरिक बने मतदाता, कोई भी फर्जी नाम न बने : सुनील शर्मा







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मंगलवार को वसुंधरा स्थित अपने आवास पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने एसआईआर (मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया) को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने और बोगस नाम हटवाने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। इस बैठक में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया लोकतांत्रिक जागरूकता का व्यापक अभियान है, जिसमें यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता बनने से वंचित न रहे और कोई भी फर्जी नाम सूची में न बना रहे। बैठक में मंत्री शर्मा ने कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने और मतदाता सूची को पूर्णतः प्रमाणित, सत्यापित और त्रुटिहीन बनाने के लिए काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हर पात्र नागरिक को मतदाता बनने का अधिकार है और हमें इस प्रक्रिया में उनकी मदद करनी चाहिए।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने पार्षदों को भी अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पार्षद अपने वार्ड में सक्रिय रहकर मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में योगदान दें और लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा मंडल की टीम भी अपना काम कर रही है सभी को एक साथ मिलकर इस पर काम करें। कोई भी बीएलओ काम पर नही आता है तो उसकी रिपोर्ट मुझे करें। इस अवसर पर मंडल अध्यक्षों में मंजुला गुप्ता, विनीत त्यागी, नीरज रावल, पार्षदों में राधेश्याम त्यागी, धीरज अग्रवाल, पूर्व पार्षद अभिनव जैन, डॉ अनिल तोमर, गौरव सोलंकी, सत्येंद्र चौधरी, नीलम भारद्वाज, भूपेंद्र उपाध्याय, हिमांशु चौधरी, विनय चौधरी, मनोज गोयल, अनुज त्यागी, पूनम त्यागी, मंजू त्यागी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला, अजय त्यागी, अजय गुप्ता, सलेक त्यागी, विक्रम चौधरी, कार्यालय प्रभारी हरिश्चंद्र शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वसुंधरा में बढ़ती चोरी की घटनाओं के खिलाफ कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से मिले लोग

## पार्षद प्रतिनिधि आशीष चौधरी के नेतृत्व में की गई मंत्री से मुलाकात



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा के वार्ड 61 के सेक्टर 4 की कई सोसायटियों में बढ़ती चोरी की घटनाओं के विरोध में स्थानीय लोगों ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से मुलाकात की। पार्षद प्रतिनिधि आशीष चौधरी के नेतृत्व में लोगों ने मंत्री को वार्ड 61 में लगातार बढ़ती चोरी की वारदातों के बारे में अवगत कराया और जल्द से जल्द इस पर कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर भास्कर झा, आर के सिंह, बिजेंद्र चौधरी, सी पी सिंह, अजय बहल, गीता, कमल रावत, भारत डबी, पुनीश त्यागी, हर्ष, एन के मौर्य, भगवती प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। आशीष चौधरी ने कहा कि वसुंधरा में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। उन्होंने मंत्री से जल्द से जल्द इस पर कार्रवाई करने की मांग की।



कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि वसुंधरा में चोरी की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस को जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है और हम इस मामले में कोई लापरबाही नहीं होनी चाहिए।

# युवा उद्यमी विकास अभियान : डीएम ने बैंकों को एक सप्ताह में सभी लंबित आवेदनों के निस्तारण के दिए निर्देश

## लक्ष्य पूरा करने के लिए हर बुधवार विशेष कैंप लगाने के आदेश, 25 नवंबर को होगी पुनः समीक्षा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत गठित जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (डीपीएमयू) की बैठक जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने साफ निर्देश दिए कि लंबित सभी बैंक प्रकरणों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित किया जाए, तथा 25 नवंबर के बाद व्यक्तिगत रूप से बैंकवार समीक्षा की जाएगी।

जनपद को वर्ष 2025-26 में 2000 लाभार्थियों का लक्ष्य मिला है, जिसके मुकाबले पोर्टल पर 4544 आवेदन आए। स्कूटनी के बाद 2853 आवेदन 23 बैंकों को भेजे गए, जिनमें से 1691 आवेदन अपूर्ण पाए गए और इन्हें दुरुस्त कराया जा रहा है। बैंकों ने अब तक 758 आवेदनों में ऋण स्वीकृत किया है तथा 730 प्रकरणों में ऋण वितरण किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि



सभी बैंक हर बुधवार विशेष कैंप लगाकर योजना के आवेदनों का निस्तारण करें और लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने बैंक अधिकारियों से कहा कि वे अपनी शाखाओं के अच्छे कस्टमर, इच्छुक युवा और नए व्यवसाय शुरू करने वालों को स्पॉन्सर करते हुए योजना में आवेदन कराएं, जिससे डिफॉल्ट व निरस्तीकरण की संभावना कम हो। उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया गया कि वे सभी सदस्य विभागों के साथ मिलकर ब्लॉक व नगर निकाय स्तर पर जागरूकता कैंप आयोजित करें और यह सुनिश्चित करें कि आवेदकों के दस्तावेज पूर्ण हों तथा वे वास्तविक रूप से उद्यम स्थापित करना चाहते हों। जिलाधिकारी ने योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया, शिक्षण संस्थान, उद्योग संगठन आदि माध्यमों से एसओपी व गाइडलाइन्स साझा करने के निर्देश दिए।

बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक केनरा बैंक, पॉलिटेक्निक व आईटीआई गाजियाबाद के प्रधानाचार्य, जिला उद्योग अधिकारी, खादी ग्रामोद्योग विभाग, योजना की नोडल अधिकारी प्रीति त्यागी सहित सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों के क्षेत्रीय प्रबंधक मौजूद रहे।

# गौड़ होम्स सोसाइटी में 8 वर्ष बाद चुनाव हैंडओवर न होने पर प्रशासन की कार्रवाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गौड़ होम्स सोसाइटी, गाजियाबाद में उच्च न्यायालय के आदेश के बाद आठ वर्ष के अंतराल में संपन्न हुए चुनावों के बावजूद नवनिर्वाचित प्रबंध समिति को वैधानिक हैंडओवर न दिए जाने के प्रकरण पर मंगलवार को प्रशासन हरकत में आया। सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा गठित टास्क फोर्स ने सोसाइटी परिसर पहुंचकर स्थितियों की समीक्षा की और आवश्यक कार्रवाई की।

नायब तहसीलदार आलोक यादव के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान पूर्व प्रबंध समिति के अध्यक्ष मुकेश पाल और सचिव अभिषेकंत त्यागी मौके पर उपस्थित नहीं मिले। दोनों पदाधिकारियों ने टेलीफोन पर बातचीत में सोसाइटी परिसर में पहुँचने

### सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा गठित टास्क फोर्स पहुंची सोसाइटी परिसर में



में असमर्थता जताई। कार्रवाई के बाद नायब तहसीलदार आलोक यादव ने स्पष्ट कहा कि पूर्व समिति को हैंडओवर देने के लिए अंतिम अवसर दिया जा रहा है।

उन्होंने यह भी संदेश दिया कि यदि निर्धारित समयसीमा में हैंडओवर नहीं किया गया, तो जिला प्रशासन पुलिस कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। जिला प्रशासन की यह पहल सोसाइटी में सुचारू प्रबंधन, पारदर्शिता और जवाबदेह प्रशासनिक व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मेरी बात पर करो ट्रस्ट? आपके यहां पर छपा था सवाल? उसके लेकर भिड़ गये इन्दिरा जी वाले एरिया के दो उपाध्यक्ष? सुना है दोनों के बीच जमकर चला घमासान? ये तो शुक्र है कि लड़ाई ग्रुप पर हो रही थी? अगर आमने-सामने होती तो पकड़ लेते ये एक-दूसरे की गिरेबान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम आप तक पहुंचा रहे हैं अंदर की रिपोर्ट? बृज वाले एरिया में प्रेसीडेंट से ज्यादा वाईस प्रेसीडेंट एक्टिव हैं? इस मामले की पहुंचा रहे हैं पहुंचाने वाले भगवा योद्धा तक रिपोर्ट? दे रहे हैं संदेश, हर जगह नजर आता है चौधरी का फेस? अध्यक्ष जी तो इस तरह गायब हुए हैं जैसे ऑर्बिट खो जाता है इन द स्पेस?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** दिल्ली में हुई पूर्व विधायक की बिटिया की शादी में हमने नजारा देखा जोरदार? भगवागढ़ के कई चेहरे वहां पर नजर आ रहे थे? एहसास करा रहे थे जैसे उनका पूर्व विधायक को लेकर हो अमर वाला प्यार? मगर ये सभी एक बात का रख रहे थे ध्यान? जैसे ही कैमरे की नजर इनके ऊपर पड़ती थी? ये वहां से तुरंत हट जाते थे श्रीमान? ना जाने इन्हें किस बात का लग रहा था डर? प्यार किया तो डरना क्या? किसकी हो रही थी इनको इतनी फिक्र?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** शिप्रा वाले पिंटू भैया ने बदल लिया है अपना अंदाज? हमने देखा जबसे आई है भगवा योद्धा के पास कमान? तब से वो राजनीति को नहीं आने दे रहे अपने आस-पास? किसी ने उनसे पूछा इस दूरी पर सवाल? तो उन्होंने खुल कर रखे अपने ख्याल? कहा अपना अलग ही है टेस्ट? जहां नहीं बनने वाली है बात? वहां नहीं करता मैं अपना टाईम वेस्ट? मेरा मामला चल रहा है इस वक्त बिल्कुल चौकस? क्योंकि पैसा कमाने पर दिया है अपना फोकस?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** क्रान्तिकारी विधानसभा में निकली पटेल जी की विधायक जी के नेतृत्व में पद यात्रा? उसमें भीड़ का दिखा जबरदस्त पंच? मगर जब हमने गौर किया तो इस यात्रा में कोई भी 2027 वाला दावेदार नजर नहीं आया? ऐसा लग रहा था जैसे करने चले गये हों सब लंच? अब ये जानना जरूरी हो गया है भारी? क्या जिलाध्यक्ष ने नहीं दी थी कसाना जी, मावी जी, डॉक्टर साहब सहित कई चेहरों को कार्यक्रम की जानकारी? या फिर जानकारी का सबको एहसास? इसलिए बना गये यात्रा में शामिल एक चेहरा नहीं होता इन सबको बर्दाश्त?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** क्रान्तिकारी विधानसभा की इस रैली में थी हमारी नजर? हमने देखा युवा सौम्य नितिन मावी ने यात्रा को सफल बनाने में लगा दिया था अपना जिगर? उन्होंने जमकर किया इस कार्यक्रम में सहयोग? हम तो तभी से उनकी मेहनत का एहसास कर चुके थे? जब वो इस कार्यक्रम को लेकर कई दिनों से सोशल मीडिया पर वीडियो डालकर कर रहे थे अपलोड? कहने वाले ने कहा हमें पता है यात्रा को सफल कराने में विधायक जी का है प्लान? मगर कमी इस युवा चेहरे ने भी विधायक जी को लेकर नहीं छोड़ी? तभी तो सफल हुआ ये वाला प्रोग्राम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** राय साहब तक मैं पहुंचा रहा हूं पूरा प्रूफ? पानी से जलवा कर रहे हैं आजकल मिस्टर सूद? कर रहे हैं वो हैवीवेट वालों के यहां पर वॉटर की स्पलाई? देखना इस मोहब्बत का उन्हें आने वाले निगम चुनावों में जरूर मिलेगा रिप्लाई? इसलिए हम मिस्टर राय का खींचना चाहते हैं इस सप्लाई की ओर ध्यान? कहीं हो ना जाये भविष्य में उनका पानी से तिलक? इस बात को वो ध्यान में रखें श्रीमान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम आपको दे रहे हैं अंदर का अपडेट? कुछ तो बैठ गया है उनके दिल में दर्द? तभी पहलवान का लगातार घट रहा है वेट? हमें तो उनका पहले जैसा ही चाहिए किरदार? उनका गठीला बदन लगता था हमें जोरदार? हम चाहते हैं वो अपनी डाइट पर रखें ध्यान? गम को ज्यादा ना खायें? गम गला देता है श्रीमान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** फ्लावर वाले साहब का हो जाता है कई बार अचानक ही फायर वाला अंदाज? सुना है वो बहुत बढ़िया करते हैं काम? लेकिन कई बार अचानक ही उनका मूड हो जाता है स्विंग? उनके शब्दों में आ जाती है एक अजीब सी बात? कहने वाले ने कहा कि वो बलशाली हैं और उन्हें लेकर चलना चाहिए सबको अपने साथ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कभी व्यापार मंडल वालों के आगमन के बाद सुलझ जाता था बड़े से बड़ा मैटर? सुना है इन दिनों उसके नेता ही लिख रहे हैं व्यापारियों की शिकायत वाला लैटर? कहने वाले ने कहा कि व्यापारियों को नहीं रहा है अब व्यापार मंडल के कुछ नेताओं पर भरोसा? वो बता रहे हैं कि हमारा मामला नहीं उलझता अगर हम नहीं करते इन नेताओं पर भरोसा?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बड़ा फेरबदल

## 73 उपनिरीक्षकों को अलग-अलग जोन में किया तैनात



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में उप निरीक्षकों के बड़े पैमाने पर स्थानांतरण और तैनाती की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। लाइन में आए कुल 73 उप निरीक्षकों को अडिशनल सीपी (मुख्यालय एवं अपराध) केशव चौधरी द्वारा विभिन्न जोन में भेजा गया है।

कमिश्नरेट सिस्टम के तहत यह कदम कानून-व्यवस्था और क्राइम कंट्रोल को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। तीनों जोन में अधिकारियों ने कुल 73 उप निरीक्षकों को तीन प्रमुख जोन में बांटते हुए आगे की पोस्टिंग का रास्ता साफ कर दिया है।

### सिटी जोन – 36 उपनिरीक्षक भेजे गए

**करंट क्राइम :** सबसे अधिक संख्या सिटी जोन में उपनिरीक्षक भेजे गए हैं, जहां अपराध नियंत्रण, ट्रैफिक, और भीड़भाड़ वाले इलाकों में प्रभावी पुलिसिंग के लिए अतिरिक्त बल की जरूरत बताई जा रही है। वहीं ट्रांस-हिण्डन जोन में 21 उप निरीक्षक तय किए गए हैं। ट्रांस-हिण्डन क्षेत्र में बढ़ते क्राइम ग्राफ और संवेदनशील थानों को देखते हुए यहां भी पर्याप्त संख्या में उप निरीक्षकों की तैनाती की गई है। इसके साथ ही ग्रामीण जोन के लिए 16 उप निरीक्षक रिजर्व हुए हैं। ग्रामीण इलाकों में सुरक्षा, विवाद निवारण और चौकियों की सक्रियता को बढ़ाने के लिए 16 अधिकारी भेजे गए हैं।

### जोन आवंटन के बाद पोस्टिंग की तैयारी



**करंट क्राइम :** इन 73 उप निरीक्षकों को जोन आवंटित कर दिया गया है। अब जल्द ही संबंधित डीसीपी स्तर के अधिकारी इन उप निरीक्षकों को थानों, चौकियों और महत्वपूर्ण स्थानों पर पोस्टिंग देंगे। इनमें कई उप निरीक्षक ऐसे भी हैं जिन्हें भविष्य में चौकी प्रभारी या महत्वपूर्ण यूनिट्स का चार्ज भी मिल सकता है। सूत्रों के अनुसार, गाजियाबाद कमिश्नरेट में चौकी प्रभारियों के बदलाव की नई सूची भी जल्द जारी हो सकती है। हाल के दिनों में लाइन में आने वाले उप निरीक्षकों की संख्या बढ़ी थी, जिसके बाद कमिश्नरेट ने क्राइम कंट्रोल के मद्देनजर बड़े फैसले लेने शुरू कर दिए हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद का मानना है कि इन तबादलों और नई तैनातियों से शहर में पुलिसिंग और निगरानी दोनों में मजबूती आएगी, साथ ही क्षेत्रीय स्तर पर जवाबदेही भी बढ़ेगी।

# पत्नी की हत्या कर पति ने लगाई फांसी

**गाजियाबाद।** पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद पति ने खुद फांसी लगाकर सुसाइड कर ली। पति सजावट का काम करता था। पत्नी सात महीने की गर्भवती थी। पति उस पर शक करता था।

15 दिन पहले ही पति क्रिस्टल फार्म हाउस में काम करने आया था। मंगलवार सुबह कमरे में जब सुबह कोई हलचल नहीं दिखी तो अन्य कर्मचारियों ने दरवाजा खोला। अंदर पति फांसी के फंदे पर लटका मिला, जबकि पत्नी का शव बेड के पास खून से लथपथ पड़ा था। उसके शरीर पर चोटों के कई निशान थे और गले में दुपट्टा लिपटा हुआ था।

घटना वेव सिटी थानाक्षेत्र स्थित क्रिस्टल फार्म हाउस की है। बुलंदशहर के गांव दुलकरा निवासी सुरेश के बेटे राहुल (28) की शादी करीब दो साल पहले हरियाणा के फरीदाबाद निवासी सुमन (25) से हुई थी। दोनों के कोई बच्चे नहीं है।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।